हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, शनिवार 6 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम 26.9 डिग्री
न्यूनतम 11.0 डिग्री

*विमानतल पर लगा रहा यात्रियों मजमा, संतोषजनक जबाव नहीं मिलने से होते रहे हलाकान*

# मुंबई से टूटा रहा हवाई संपर्क, तीन फ्लाइट के भरोसे दिल्ली की उड़ान, कोलकाता से लखनऊ जाने वाले रायपुर में फंसे



शादी-ब्याह के सीजन में बड़ा झटका, कई के काम अटके, टिकट कैंसिल भी होने लगा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

डीजीसीए के नए नियम के बाद फ्लाइट संचालन पर उपजी समस्या तीसरे दिन भी जारी रही। शुक्रवार को मुंबई-रायपुर का हवाई संपर्क टूटा रहा और दिल्ली-रायपुर-दिल्ली के यात्री एयर इंडिया की तीन फ्लाइटों के भरोसे रहे। वहीं कोलकाता से लखनऊ जाने वाली फ्लाइट भुवनेश्वर होकर रायपुर पहुंची और यात्री देर रात तक यहीं फंसे रहे। इसके अलावा अन्य सेक्टर में विमानों की आवाजाही लेटलतीफी से हुई। विमानों का शेड्यूल गड़बड़ाने की वजह से शुक्रवार को भी यात्रियों की भीड़ लगी रही और विमानन कंपनियों से संतोषजनक जवाब नहीं मिलने की वजह से यात्री परेशान होते रहे। शादी-ब्याह का सीजन होने की वजह से अभी सभी शहरों की फ्लाइट में यात्रियों की आवाजाही बढ़ी हुई थी। कई परिवार तो पूरी फ्लाइट बुक करवाकर अपना सफर कर रहे थे। इस बीच विमानों की आवाजाही बाधित हुई और कई की शादी, ▸▸|शेष पेज 13 पर



फैक्ट फाइल

## आज से राहत के आसार

*तीन दिन उड़ान के संकट के बाद डीजीसीए ने अपने नियम को शिथिल किया है। माना जा रहा है कि शनिवार से प्रभावित विमानों की आवाजाही सामान्य होने की उम्मीद है। उनके नए नियम की वजह से सर्वाधिक प्रभाव सबसे ज्यादा घरेलू उड़ान का संचालन करने वाली इंडिगो पर हुआ था। देशभर में उसकी सौ से ज्यादा फ्लाइट रद्द हो रही थी। इसकी वजह से यात्रा करने वालों में हाहाकार मच हुआ है। रायपुर समेत विभिन्न एयरपोर्ट पर यात्रियों की भीड़ लगी हुई है।*

## लखनऊ भिजवाने एयरक्राफ्ट में बैठे रहे यात्री

*कोलकाता से भुवनेश्वर होकर रायपुर पहुंची फ्लाइट में सवार यात्रियों ने बताया, विमानन कंपनी का स्टॉफ उन्हें रायपुर में उतारने का प्रयास करता रहा। वे लखनऊ भेजने का आवश्यक इंतजाम करने पर ही एयरक्राफ्ट से उतरने की जिद कर बैठे रहे। यात्रियों का आरोप था कि एयरलाइंस कंपनी ने उनके साथ धोखा किया है। उसकी तरफ से कोई ठोस जवाब नहीं दिया जा रहा है, जिसे लेकर देर रात तक विवाद की स्थिति बनी रही।*

## खबर संक्षेप

### गांजा तस्कर को कैद 50 हजार जुर्माना

**रायपुर।** गंज थाना क्षेत्र में तीन वर्ष पूर्व 10 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार ओडिशा के एक गांजा तस्कर को विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस किरण थवाईत की कोर्ट ने सात साल कैद तथा 50 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक भुवन लाल साहू के अनुसार, कोर्ट ने ओडिशा के नौरंगपुर निवासी बंशीराम गोड़ को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है।

### आपसी रंजिश के चलते चाकू से जानलेवा हमला

**रायपुर।** आजाद चौक थाने में एक महिला ने मोहल्ले के एक युवक के खिलाफ आपसी रंजिश के चलते अपने पति के ऊपर चाकू से जानलेवा हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पायल साहू ने रामकुमार बर्वे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पायल ने पुलिस को बताया है कि आपसी रंजिश के ▸▸|शेष पेज 13 पर

वक्फ बोर्ड अध्यक्ष डॉ. सलीम राज ने खुद निरीक्षण करके स्थिति देखी, अब शिकायत करने वाले के खिलाफ होगी कार्रवाई

# पुरानी बस्ती में वक्फ बोर्ड का मामला सुलझा शिकायत निकली फर्जी, जमीन पर कब्जा नहीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

पुरानी बस्ती में मजिस्द के पास रहने वाले चार लोगों द्वारा वक्फ बोर्ड की जमीन पर कब्जा करने का मामला पूरी तरह से गलत निकला। इस मामले में शिकायत फर्जी पाई गई है। अब जहां शिकायत करने वाले के खिलाफ कार्रवाई होगी, वहीं पीड़ितों को वक्फ बोर्ड एनओसी भी जारी करेगा। वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज ने खुद मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया, तो पाया कि वक्फ बोर्ड की जमीन का खसरा नंबर अलग है और वह पूरी तरह से सुरक्षित है। यह जमीन जिनको नोटिस दिया गया था, उनकी जमीन से तीन सौ मीटर दूर है। वक्फ बोर्ड प्रदेशभर में वक्फ की जमीनों को लेकर लगातार नोटिस देने का काम कर रहा है। ठीक दीपावली के पहले पुरानी बस्ती के तीन लोगों को नोटिस मिलने के बाद इस मामले में भाजपा के ही वरिष्ठ नेता और छत्तीसगढ़ खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा सामने आ गए थे, उन्होंने सोशल मीडिया पर इस मामले को उठाया था। उन्होंने सोशल मीडिया में लिखा था- ठीक त्योहार के दिन हिंदुओं को वक्फ बोर्ड का नोटिस वक्फ की जमीन कब्जाए हो, दो दिनों में जवाब दो, नहीं तो कार्रवाई की धमकी। 100-100 साल से निवासरत पुरानी बस्ती के लोग हलाकान हैं। उन्होंने सवाल खड़ा किया था, क्या वक्फ बोर्ड ने कोई सीमांकन कराया है, कोई राजस्व रिकॉर्ड है जिससे पता चल रहा है कि वक्फ की जमीन पर कब्जा किया गया है। इस मामले में बाद में एक और को भी नोटिस दिया गया था।




### हमारी जमीन सुरक्षित

मैंने खुद निरीक्षण किया है, वक्फ बोर्ड की जमीन पूरी तरह से सुरक्षित है। पीड़ितों को एनओसी देंगे और फर्जी शिकायत करने वाले के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करेंगे।

- **डॉ. सलीम राज,** अध्यक्ष, वक्फ बोर्ड

### अध्यक्ष ने खुद किया निरीक्षण

इस मामले में राजनीति गहराने के बाद अंत में वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज ने खुद ही मौके पर जाकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय भाजपा नेता संदीप शर्मा को भी बुलाया गया। उसके सामने सभी पीड़ितों को भी बुलाकर पूरी जानकारी ली गई। जिस व्यक्ति ने शिकायत की थी, उनको भी बुलाया गया, पर वह नहीं आया। बाद में अध्यक्ष ने खुद पूरा निरीक्षण किया तो यह बात सामने आई कि वक्फ बोर्ड की जमीन का खसरा नंबर अलग है और वह जमीन पीड़ितों के दुकानों से 300 मीटर की दूरी पर है और वह जगह पूरी तरह से सुरक्षित है। ऐसे में पीड़ितों से नोटिस के लिए वक्फ बोर्ड खेद प्रकट करते हुए उनको एनओसी देने का फैसला किया है।

# आयकर छापा में कारोबारियों के यहां से मिले सात करोड़ कैश, 18 लॉकर, जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

- छापे की कार्रवाई में परिसरों की संख्या 40 से बढ़कर 45 हुई

स्टील कारोबारियों के यहां चल रहे आयकर छापा में आईटी अफसरों को कारोबारियों के अलग-अलग ठिकानों से नकदी सात करोड़ रुपए के साथ 18 बैंक लॉकर मिले हैं। छापे में परिसरों की संख्या 40 से बढ़कर 45 पहुंच गई है। गुरुवार को पांच नए ठिकानों को चिन्हांकित कर वहां भी छापे की कार्रवाई के लिए आईटी अफसरों ने वारंट जारी किया। टैक्स चोरी और अनियमितताओं की शिकायतों के आधार पर कारोबारियों के यहां आयकर विभाग के दो सौ अफसर, कर्मियों की टीम ने गुरुवार को रायपुर की आवासीय कालोनी तथा आद्योगिक ▸▸|शेष पेज 13 पर


स्टील कारोबारियों के 40 ठिकानों पर आईटी रेड

### ब्लैक मनी प्रापर्टी में निवेश

सूत्रों के मुताबिक कारोबारियों द्वारा आईटी रिटर्न जमा करने में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी करने के साक्ष्य मिले हैं। बताया जा रहा है, कारोबारियों ने अपने करोड़ों रुपए की अघोषित आय को प्रापर्टी में निवेश किया है। अघोषित आय के प्रापर्टी में निवेश करने की जानकारी मिलने के बाद आयकर अफसर अब कारोबारियों की प्रापर्टी के पेपर तथा आय के स्त्रोत के बारे में जांच कर रहे हैं।

हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 445. नीला परमार पिता\पति स्व.श्री धीरज सिंह ठाकुर पता- ब्राम्हण पारा रायपुर, 446. पुष्पेन्द्र परगनिहा पिता\पति राम खिलावन पता- अशोक नगर गुढ़ियारी रायपुर, 447. राजेंद्र कुमार दंडसेना पिता\पति स्व. से. आर. दंडसेना पता- बोरियाखुर्द रायपुर, 448. निरोला योगी पिता\पति विजय कुमार मसीह पता- साईं कॉलोनी संतोषी नगर खमतराई, 449. भूमिका मानिकपुरी पिता\पति अमर दास मानिकपुरी पता- सडू सेक्टर-06 रायपुर, 450. सुनीता वर्मा पिता\पति श्री बिसौहा राम वर्मा पता- हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी दोंदेखुर्द, 451. संकल्प साहू पिता\पति श्री दया राम साहू पता- भाटागॉव पानी टंकी के पास रायपुर, 452. मेघा साहू पिता\पति भागवत प्रसाद साहू पता- H-16 पुलिस लाइन रायपुर, 453. यशोदा वर्मा पिता\पति सुन्दर लाल वर्मा पता- बरौद विधान सभा भवन के पास, 454. प्रवीण कुमार पिता\पति राजेंद्र कुमार पता- जुलुम टेकरी रायपुर, 455. तेजेश्वरी साहू पिता\पति दुर्वासा साहू पता- कुरुसकेरा राजिम, 456. रामचंद देवांगन पिता\पति स्व. शिव राम देवांगन पता-नगर पंचायत आमदी धमतरी, 457. वेशु साहू पिता\पति जीवन लाल साहू पता- बजरंग चौक गोकुलनगर वार्ड धमतरी, 458. ठलेश्वर पिता\पति मस्त राम साहू पता-करेली बड़ी मगरलोड, 459. अनन्या नामदेव पिता\पति विरेन्द्र कुमार नामदेव पता- मेन रोड डोंगरगढ़, 460. ज्योति पात्रे पिता\पति स्व. दुतिया राम बघेल पता- लालबाग प्रभात नगर वार्ड न.२, 461. गीता साहू पिता\पति स्व. देवलाल साहू पता-डोंगरगढ़, 462. चित्रांश चौहान पिता\पति हेमंत कुमार चौहान पता-बेमेतरा, 463. भाव्या नारंग पिता\पति प्रशांत नारंग पता-राजापारा कांकेर, 464. होमन सिंह नागवंशी पिता\पति स्व.सुरहा राम पता- डौंडी नगर बालोद, 465. बी.जोगाराव नायडू पिता\पति स्व. श्री गंगैय्या नायडू पता-सहारा टेंड हाउस जगदलपुर, 466. रोशनी देवांगन पिता\पति मोहन देवांगन पता-महासमुंद, 467. अन्नपूर्णा ठाकुर पिता\पति अजय पाल सिंह ठाकुर पता-ठाकुर पारा कवर्धा, 468. महेन्द्र कुमार साहू पिता\पति नकुल प्रसाद साहू पता-सुहेला, 469. संतोष कोराम पिता\पति गिरधारी कोराम पता-एस. पी. मरारपारा, 470. सुशीला शाह पिता\पति भुनेश्वर शाह पता- नंदनी वार्ड हाउसिंग बोर्ड छावनी, 471. आभा गुप्ता पिता\पति महावीर प्रसाद गुप्ता पता- आकाश नगर, 472. तोमन साहू पिता\पति कन्हैया साहू पता- न्यू पंचशील नगर नयापारा, 473. योगिता साहू पिता\पति भूपेन्द्र कुमार साहू पता- शीतला नगर दुर्ग, 474. प्रियांश निर्मलकर पिता\पति हेमंत निर्मलकर पता- लक्ष्मी नगर वार्ड न. भिलाई, 475. संजीविनी टंडन पिता\पति देवनारायण टंडन पता-दुर्ग, 476. एन. येलियाश पिता\पति एन. गाब्रियल पता- कैम्प-01 सुन्दर नगर वार्ड 32 भिलाई, 477. कु.नीलम बघेल पिता\पति अशोक कुमार बघेल पता-भिलाई-03, 478. संस्कार पिता\पति भूषण राउत पता-भिलाई -03, 479. किरण साहू पिता\पति दमेंद्र कुमार पता- आर्य नगर कोहका भिलाई, **बिलासपुर संस्करण –** 480. तनुषा पिता/पति गोपीचन्द पटेल पता- सूरदा देवरी मुंगेली ,तखतपुर , 481. नरेंद्र सिंघानिया पिता/पति स्व. लोरिक राम पता- तखतपुर, 482. कविता कारड़ा पिता/पति दयाराम लालवानी पता- तखतपुर, 483. नैना मलघानी पिता/पति कोमल मलघानी तखतपुर, 484. राजू कुमार देवांगन पिता/पति स्व. बुधराम देवांगन पता- तखतपुर, 485. ईश्वरी खांडेकर पिता/पति राजकुमार खांडेकर पता- टिकरपारा, 486. दिनेश राजपूत पता- तखतपुर, 487. अंशिका शर्मा पिता/पति जितेंद्र शर्मा पता- तखतपुर लोरमी, 488. मनीषा दास वैष्णव पिता/पति संजय दास वैष्णव पता- शांति चौक लोरमी, कोरिया जिला 1. आशीष मोदी ,पिता /पति - दिनेश मोदी पता- चरचा, 489. ओमप्रकाश सिंह पिता /पति रमेश सिंह पता- बैकुंठपुर, 490. सुहागिन देवी पिता/पति मोहन पता- बी. टी. सी. चरचा, 491. हर्ष कुमार सिंह पिता/पति सुनील सिंह पता- चरचा, 492. जसीना खातून पिता/पति स्व. मो. सलीम उद्दीन पता- बैकुंठपुर, 493. महेश कुमार मिश्रा पिता/पति राम अवतार मिश्रा पता- खैरी बैकुंठपुर, 494. कुमुद बाला श्रीवास्तव पिता/पति एम. के. सिन्हा पता- बरबसपुर, 495. श्रीमती सुनीता देवी पिता/पति राजकुमार तिवारी पता- वार्ड-7 चरचा कॉलोरी, 496. राजकुमार तिवारी पिता/पति स्व. पारस नाथ तिवारी पता- हनुमान मंदिर के सामने चरचा कॉलोरी, 497. मंजुलता गुप्ता पिता/पति रामकुमार गुप्ता पता- बैकुंठपुर कोरिया, 498. रूपेश कुमार अग्रवाल पिता/पति कृष्णा प्रसाद अग्रवाल पता- अंबेडकर नगर वार्ड-6 चरचा, 499. निलेश कुमार पटवा पिता/पति संतनन्द पटवा पता- पटना, 500. अभिषेक कुमार साहू पिता/पति मनोज कुमार साहू पता- सागरपुर बैकुंठपुर, 501. कृष्णा सिंह पिता /पति शंकर सिंह पता- स्कूल पारा बैकुंठपुर , 502. मयंक गुप्ता पिता/पति - श्री दुर्गा प्रसाद गुप्ता पता- बैकुंठपुर, **भोपाल संस्करण –** 503. संजय चौरसिया पिता\पति जवाहर लाल पता - बी-314 चिनार रिट्रीटअरेरा हिल्समैदा मिलभोपाल, 504. मेघा राणा पिता\पति स्व मोतीलाल राणा 5/228 रविशंकर नगरभोपाल, 505. मथुरा प्रजापति पिता\पति - श्याम नगर, 506. सुरेश कुमार यादव पिता\पति श्रीराम दुलारे यादव एफ-9 थर्ड फ्लोर 1250 अर्जुन नगर कॉलोनी, 507. आदेश नेमा पिता\पति रमेश पता- नेमा विदिशा, 508. कमलसिंह रघुवंशी पिता\पति हल्के सिंह रघुवंशी पता- गोदावरी ग्रीन्स विदिशा, 509. नरेश राज साहू पिता\पति -हीरालाल साहू पता- बालाजी आर्किड विदिशा, 510. अमोल विश्वकर्मा पिता\पति बालाराम विश्वकर्मा पता- विजय नगर विदिशा, **जबलपुर संस्करण –** 511. अर्पित पांडे पिता\पति भानु कुमार पांडे पता- कोतमा, 512. ईश्वर चौधरी पिता\पति मदन चौधरी वार्ड नंबर 8 मगरहा टोला कोतमा, 513. आकृति द्विवेदी पिता\पति विजय कुमार द्विवेदी पता- ग्राम बुढानपुर कोतमा, 514. प्रिया शर्मा पिता\पति संतोष कुमार शर्मा पता- पुरानी बस्ती कोतमा, 515. आकृति नामदेव पिता\पति ओमप्रकाश नामदेव पता- जय श्री वार्ड क्रमांक 8 जिला अनूपपुर, 516. संजना केवट पिता\पति संतोष केवट पता- वार्ड क्रमांक 5 कोतमा, 517. सानवी प्रजापति पिता\पति हरिहर प्रसाद प्रजापति वार्ड नंबर 9 विकास नगर कोतमा अनूपपुर, 518. अनुराग सोनी पिता\पति श्री महेंद्र सोनी वार्ड नंबर 2 गर्ल्स स्कूल में रोड कोतमा अनूपपुर।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि




जय बालाजी
लुधियाना वूलन सेल
लुधियाना (पंजाब) में भारी बारिश होने के कारण सारा स्टॉक बेचा जा रहा है
अब रायपुर के होटल बेबीलोन-इन में !
सेल सिर्फ 2 दिन के लिए (Saturday & Sunday)
₹2000 से ₹5000 तक बिकने वाले
गर्ल्स विंटर क्लोथ्स
मात्र
99/- से 299/- में
₹5000 से ₹10000 तक बिकने वाली
बॉयज़ एवं गर्ल्स ब्रांडेड जैकेट
सिर्फ़
500/- से 2000/- में
मेंस स्वेटर
मात्र 199/- से 699/- में
₹3000 से ₹5000 तक के
गर्ल्स एवं बॉयज़ ब्लेज़र
मात्र
299/- से 499/- में
₹2500 से ₹3000 MRP वाले फुटवेयर
सिर्फ़
499/- में
₹3000 से ₹3500 तक की
बनारसी साड़ियाँ
299/- से 499/- में
स्थान- होटल बेबीलोन-इन
| Free Parking
जेल रोड, फ़ाफाडीह चौक के पास, रायपुर
| Free Entry

## खबर संक्षेप

### मां लक्ष्मी की अगहन गुरुवार को पूजा की



**तरपोंगी।** अंचल में अगहन गुरुवार का व्रत बड़े धूमधाम से मनाया गया। अगहन माह के अंतिम गुरुवार को मां लक्ष्मी की विधिवत पूजा अर्चना कर व्रत का समापन किया गया। इस अवसर पर अश्वनी वर्मा, प्रीतम वर्मा, सुनीता वर्मा, बसंती वर्मा, गीता वर्मा, कुमारी वर्मा, कृष्णी वर्मा, राजो वर्मा, मधु वर्मा, मनीषा वर्मा आदि उपस्थित थे।

### प्रीतम ने सरकार की दूरदर्शिता का किया स्वागत

**आरंग।** लोकसभा में शुक्रवार को वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत हेल्थ सिक्योरिटी से नेशनल सिक्योरिटी सेस बिल का पारित होना वास्तव में देशहित में उठाया गया अत्यंत सराहनीय और दूरदर्शी कदम है। सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि अब सिगरेट, पान मसाला और स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने वाले अन्य उत्पादों पर एक्स्ट्रा टैक्स लगाया जाएगा, और इस अतिरिक्त राजस्व का उपयोग सीधे राष्ट्रीय सुरक्षा को सुदृढ़ करने में किया जाएगा। प्रीतम कुमार साहू ने सरकार के इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा यह निर्णय न सिर्फ स्वास्थ्य की दृष्टि से जनहितकारी है, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में ऐतिहासिक पहल भी है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में यह तथ्य बिल्कुल सही रखा कि कारगिल युद्ध के दौरान भारत को तैयारी की कमी का भारी मूल्य चुकाना पड़ा।

### उल्लास साक्षरता महापरीक्षा की कल होगी, डीईओ ने ली बैठक

**आरंग।** पीएम श्री स्कूल भानसोज में शुक्रवार को विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा, उल्लास नोडल अधिकारी अलंकार परिहार, स्वंयसेवी शिक्षक बिहान टीम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन दीदी तथा नोडल प्राचार्य ईला सेंगर के मार्गदर्शन में उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत महापरीक्षा अभियान को लेकर आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में संस्था प्रमुख डी.डी. पाटिल ने सभी शिक्षार्थियों से आगामी महापरीक्षा में शत-प्रतिशत शामिल होने की अपील की। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान परीक्षा का आयोजन दिनांक 07 दिसम्बर समय प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक पीएम श्री स्कूल भानसोज में किया जाएगा। संस्था प्रमुख पाटिल ने कहा कि जिन शिक्षार्थियों ने साक्षरता कक्षा के 200 घंटे तथा प्रवेशिका के 7 अध्यायों का अध्ययन पूर्ण कर लिया है, वे सभी निर्धारित तिथि को परीक्षा में अनिवार्य रूप से उपस्थित हों। उन्होंने कहा कि यह परीक्षा केवल एक परीक्षा नहीं, बल्कि शिक्षार्थियों के जीवन में साक्षरता की ज्योत जलाने का अवसर है। बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों ने शिक्षार्थियों को साक्षरता अभियान से जुड़ने और परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु जागरूकता बढ़ाने पर बल दिया। बैठक में प्रतिभा लहरी, संतोष बंजारे, शैलेंद्री साहू, सतरूपा, नोमिता लहरी, शिक्षक भगवती साहू, राजेश्वरी शर्मा, अरुण पटेल, कपलेश्वर बंजारा, करम सोनवानी, बुद्धेश्वर वर्मा, रोहिणी ध्रुव आदि उपस्थित रहे।

## निधन

### कुमारी बाई पटेल



**अभनपुर।** ग्राम तूता (नवारायपुर) निवासी कुमारी बाई पटेल उम्र 60 वर्ष का निधन 5 दिसंबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम मे किया गया। वे संतराम पटेल की पत्नी व भरत पटेल व शत्रुहन पटेल की माता थी।

### किशन लाल चंद्राकर

**आरंग।** ग्राम भिलाई निवासी किशन लाल चंद्राकर (78) का शुक्रवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनके अंतिम संस्कार मे परिजन व ग्रामीण शामिल हुए। वे कल्याण सिँह, भूपेंद्र व छत्रपाल चंद्राकर के पिता थे।

# कोलर में शराब की अवैध बिक्री का विरोध, स्कूल में जड़ा ताला, दी पढ़ाई बंद करने की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

अभनपुर विकासखंड के ग्राम कोलर में अवैध शराब बिक्री और शराबियों के आतंक से परेशान होकर सैकड़ों स्कूली बच्चों ने आज नशा मुक्ति अभियान और जनजागरण रैली निकाली। बच्चों ने गांव में फैली अवैध शराब बिक्री और शराबियों के अभद्र व्यवहार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की। रैली में शामिल बच्चों ने अपनी गंभीर परेशानी बताते हुए कहा कि गांव में शराबियों का जमावड़ा इतना बढ़ गया है कि स्कूल आने-जाने में असुरक्षा महसूस होती है। बच्चों ने चेतावनी देते हुए कहा, अगर ऐसी स्थिति बनी रही तो हमें स्कूल में ताला लगाकर पढ़ाई छोडऩी पड़ेगी। बच्चों ने आरोप लगाया कि रास्ते में शराबियों द्वारा अपशब्द और अश्लील टिप्पणियां की जाती हैं। बच्चों ने यह भी कहा कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री से मिलने जाएंगे।

## शिक्षकों के साथ बच्चों ने निकाली रैली

### स्कूल और आंगनबाड़ी के बीच डेरा

ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम कोलर की शासकीय नवीन प्राथमिक शाला और आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक-3 के बीच ही अक्सर शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है। दोपहिया वाहनों में शराब लाकर यहाँ खुलेआम बिक्री की जाती है, जिससे आसपास का माहौल भय और असुरक्षा से भर गया है। गांव के उप सरपंच प्रकाश साहू और जनपद पंचायत प्रतिनिधि महेश साहू ने बताया कि अवैध शराब बिक्री का मुद्दा बच्चों ने स्वयं उठाया है, जो गांव की बिगड़ती हालत की गंभीर तस्वीर दर्शाता है। उन्होंने बताया कि करीब दो महीने पहले अभनपुर थाना प्रभारी को अवगत कराया गया था, जिसके बाद कुछ कार्रवाई हुई भी थी, लेकिन परिस्थिति में कोई खास सुधार नहीं दिखा है।



### टीआई ने सख्त कार्रवाई का दिया आश्वासन

*बच्चों में भय का माहौल और माता-पिता की चिंता को देखते हुए, थाना प्रभारी (टीआई) सत्येन्द्र सिंह ने कहा कि अवैध शराब बेचने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि अवैध गतिविधियों को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।*

## प्राचीन सिक्कों व पुरावशेषों के संरक्षण के लिए संग्रहालय की उठी मांग

# रीवा के उत्खनन में मौर्य और मराठा कालीन सिक्के व दुर्लभ पुरावशेष मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

रायपुर जिले मुख्यालय से आरंग मार्ग पर 25 किलोमीटर पूर्व दिशा में स्थित लखौली बस स्टैंड से 2 किमी उत्तर दिशा में स्थित लोरिक नगर गढ़ रीवा (आरंग) प्राचीन मृतिकागढ़ में वर्ष 2018-19 में प्रारंभ हुए उत्खनन जो आज की तिथि में जारी है ने छत्तीसगढ़ के इतिहास में नया अध्याय जोड़ दिया है। प्रदेश की संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग द्वारा किए गए इस वैज्ञानिक उत्खनन में मौर्यकाल से लेकर मराठा काल तक के दुर्लभ पुरावशेष सामने आए हैं, जिसने इस क्षेत्र की ऐतिहासिक महत्ता को और प्रखर कर दिया है। रीवा, जो प्राचीन व्यापारिक मार्ग मल्हार–सिरपुर–राजिम को जोड़ता था, अब अपनी मिट्टी की परतों में छिपे उस वैभवशाली अतीत को उजागर कर रहा है जिसके संकेत वर्षों तक केवल लोककथाओं में मिलते थे। उत्खनन के दौरान पंचमार्क सिक्के, मौर्यकालीन उत्तरीय कृष्णमार्जित मृदभाण्ड, सातवाहन ताम्र मुद्राएं, कुषाण कालीन सीलिंग, शरभपुरीय वंश का स्वर्ण सिक्का, कलचुरी राजाओं रत्नदेव, जाजल्लदेव व प्रतापमल्लदेव की मुद्राएं, वलयकूप, मिट्टी के खिलौने, लौह उपकरण तथा 36 मीटर व्यास वाला विशाल मृदा स्तूप जैसे अभूतपूर्व साक्ष्य मिले हैं।



### वलयकूप है अनूठा

इतिहासकारों के अनुसार रीवा का सांस्कृतिक कालक्रम पूर्व मौर्य युग से उत्तर मध्यकाल तक फैला हुआ है। मिट्टी की नौ परतों में अलग-अलग कालखंडों के पुरावशेष मिलने से यह स्थान आधुनिक छत्तीसगढ़ के प्राचीन नगरीकरण का जीवंत दस्तावेज बन गया है। विशेष रूप से प्राप्त वलयकूप प्रदेश में अपनी तरह का पहला और अत्यंत महत्वपूर्ण प्रमाण माना जा रहा है, जो प्राचीन जल प्रबंधन प्रणाली की उन्नत तकनीक को सिद्ध करता है। शरभपुरीय कालीन स्वर्ण मुद्रा जिस पर 'श्रीमद् क्रमादित्य' अंकित है ने सिद्ध कर दिया है कि यह क्षेत्र न केवल व्यापारिक बल्कि सांस्कृतिक रूप से भी अत्यंत समृद्ध रहा है। इसी प्रकार कलचुरी शासकों की स्वर्ण व ताम्र मुद्राएं इस क्षेत्र में मध्यकालीन राजनीतिक गतिविधियों के महत्वपूर्ण केंद्र होने की पुष्टि करती हैं। संग्रहालय निर्माण की प्रबल मांग इतिहास प्रेमियों व स्थानीय नागरिकों का कहना है कि रीवा से मिले ये दुर्लभ सिक्के, मृदभाण्ड, मूर्तिकला, स्तूप अवशेष और वलयकूप जैसे बहुमूल्य पुरातात्विक साक्ष्य प्रदेश की धरोहर हैं। इन्हें सुरक्षित रखने और शोधकर्ताओं के अध्ययन हेतु संरक्षित करने के लिए रीवा में स्थायी संग्रहालय की तत्काल आवश्यकता महसूस की जा रही है।विशेषज्ञों का मानना है कि यदि यहां संग्रहालय की स्थापना की जाए तो यह स्थल छत्तीसगढ़ पर्यटन का एक प्रमुख आकर्षण बन सकता है, साथ ही आने वाली पीढ़ियां अपने समृद्ध इतिहास को प्रत्यक्ष रूप में देख सकेंगी। रीवा उत्खनन से प्राप्त सामग्री ने प्रदेश के इतिहास में कई नई कड़ियां जोड़ी हैं। अब आवश्यकता है कि इन धरोहरों को संरक्षित कर रीवा को एक विकसित पुरातात्विक केंद्र के रूप में स्थापित किया जाए।

# बंजारे की अध्यक्षता में कांग्रेस मजबूत होगी : डा. डहरिया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी आरंग द्वारा प्रति माह आयोजित होने वाली मासिक बैठक राजीव भवन, आरंग में सम्पन्न हुई। बैठक में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर (ग्रामीण) के पूर्व अध्यक्ष उधोराम वर्मा का सम्मानपूर्वक विदाई समारोह आयोजित किया। साथ ही नव-नियुक्त जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजेन्द्र "पप्पू" बंजारे का गरिमामय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि पूर्व अध्यक्ष वर्मा का कार्यकाल अत्यंत सराहनीय और उल्लेखनीय रहा है। साथ ही उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नव-नियुक्त जिला अध्यक्ष राजेंद्र बंजारे संगठन की मजबूती और विस्तार के लिए सभी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर प्रभावी नेतृत्व प्रदान करेंगे। बैठक में प्रमुख रूप से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी आरंग अध्यक्ष कोमल सिंह साहू, दिनेश सिंह ठाकुर, गोपाल चतुर्वेदी, मंगलमूर्ति अग्रवाल, शरद गुप्ता, सजल चंद्राकर, वतन चंद्राकर, खिलावन निषाद, ओमप्रकाश यादव, हीरामन साहू, भारती देवांगन, मंजू चंद्राकर, गौरी देवांगन, हरी बंजारे, रेखराम पात्रे, राजेश्वरी साहू, अब्दुल कादरी, रहमत उल्ला खान, धन्न साहू, जय कुमार डहरिया, दुर्गा राय, चंद्रकला साहू, सलमा बेगम, वैसालिनी साहू, राम मोहन लोधी, सागर जोशी, प्रकाश मारकंडे, जलिद बघेल, तोसन साहू, शुभांशु साहू, देवशरण साहू, दिलीप कुर्रे, साधिक बैलिम तथा वरिष्ठ कांग्रेसीनेता, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, शहर कांग्रेस कमेटी, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, अजाक प्रकोष्ठ, ओबीसी प्रकोष्ठ, एन.एस.यू.आई., सेवादल, नगरीय निकाय के कांग्रेस समर्थित पार्षदगण, जनप्रतिनिधि, सरपंच-पंच एवं समस्त कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



# बीईओ ने विद्यार्थियों को परीक्षा के लिए दिए टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

आगामी बोर्ड परीक्षाओं (10वीं और 12वीं) के मद्देनज़र विद्यार्थियों की तैयारी और मनोबल को बढ़ाने के उद्देश्य से विकासखंड शिक्षा अधिकारी आरंग ने शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल परसदा (स्टेडियम) का आकस्मिक निरीक्षण किया। यह निरीक्षण विशेष रूप से अध्ययनरत विद्यार्थियों पर केंद्रित रहा। निरीक्षण के दौरान बीईओ दिनेश शर्मा ने विद्यार्थियों से सीधा संवाद स्थापित किया। उन्होंने छात्रों को आगामी बोर्ड परीक्षा की सटीक तैयारी के लिए प्रेरित किया और उनके वर्तमान शैक्षणिक स्तर को समझने का प्रयास किया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि बोर्ड परीक्षा केवल ज्ञान की नहीं, बल्कि सही रणनीति और प्रस्तुति शैली की भी परीक्षा होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को सफलता के कई महत्वपूर्ण टिप्स दिए, जिनमें ब्लूप्रिंट का महत्व, उत्तर देने की शैली, शब्द-सीमा, समय-नियोजन तथा प्रश्नों में ही छिपे उत्तर को पहचानने जैसे बिंदुओं पर रोचक ढंग से समझाया एवं रोड मैप पर चर्चा कर क्रियान्वयन पर जोर दिया। इस अवसर पर विषय शिक्षक एवं प्राचार्य श्रीराम बंडारू आदि की सहभागिता रही।

# भानसोज संकुल में नवपदस्थ प्रिंसिपल ईला सेंगर का स्वागत



**आरंग।** हायर सेकेंडरी स्कूल भानसोज में नवपदस्थ नोडल प्रिंसिपल ईला सेंगर के आगमन पर आज संकुल का पूरा शाला परिवार उत्साह और उमंग से सराबोर दिखा। प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के संस्था प्रमुख केशर बंदे, लीलाधर साहू, धरमदास पाटिल, लक्ष्मण साहू, देव साहू, धर्मेंद्र कोशले, तोरण साहू, एन.के. वर्मा एवं चंद्रशेखर धृतलहरे सहित संकुल समन्वयक धनंजय साहू ने सौजन्य भेंट कर उनका हार्दिक स्वागत किया। विद्यालय पहुँचते ही स्टाफ एवं व्याख्याता अंजली महादेवकर, स्वेता मैडम, रवि गिलहरे, नंदकिशोर यादव, विभोर शर्मा, सेवकराम पाटिल, बिशेसर साहू, जागृति बनिक, मिश्रा मैडम, कविता गंगासागर, आकांक्षा, नीतू, वंदना, कुलदीप साहू सहित विद्यार्थियों ने पुष्पगुच्छ और तालियों की गड़गड़ाहट से मैडम का अभिनंदन किया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्रार्थना एवं स्वागत गीत से हुई। विद्यालय प्रभारी वंदना एस. पाटिल ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा क्षेत्र में मैडम के अनुभव और नेतृत्व से विद्यालय नई ऊँचाइयों की ओर अग्रसर होगा। अपने संबोधन में नोडल प्रिंसिपल ईला सेंगर मैडम ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण-अधिगम वातावरण और अनुशासन को सर्वोपरि बताते हुए शिक्षकों को नवाचार, टीमवर्क और बेहतर शिक्षण-पद्धतियों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। उनके आगमन से संकुल भानसोज का शैक्षिक वातावरण उत्साह और नई ऊर्जा से भर उठा।

# कुकरा में मितानिन और आंबा कार्यकर्ताओं का किया सम्मान

**आरंग।** ग्राम पंचायत कुकरा में शुक्रवार को सम्मान सभा का आयोजन कर मितानिन एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं सहित महिलाओं को साड़ी एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम सरपंच नंदलाल डहरिया ने मितानिनों के महत्व, भूमिका और ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था में उनके बहुमूल्य योगदान को विस्तार से समझाते हुए कहा कि मितानिन सिर्फ स्वास्थ्य सहयोगी नहीं, बल्कि हर परिवार की संरक्षक और संकट समय की पहली संजीवनी हैं। इस अवसर पर मितानिन श्रीमती कुसुम साहू का विशेष उद्बोधन हुआ। उन्होंने गाँव में मितानिनों की आवश्यकता, उनके जिम्मेदार कार्य और जनसेवा के प्रति उनकी निष्ठा को सरल भाषा में समझाया। कुसुम साहू ने अपने संबोधन में कहा कि हर घर की दहलीज तक स्वास्थ्य पहुँचाने की जिम्मेदारी मितानिन निभाती है। गर्भवती माताओं की देखभाल से लेकर बच्चों के टीकाकरण, पोषण जागरूकता, आपात चिकित्सा सहायता और सरकारी योजनाओं की पहुँच—हर मोर्चे पर मितानिन अग्रणी भूमिका में रहती हैं। कुसुम साहू ने कार्यक्रम में मितानिन गीत भी प्रस्तुत किया, जिसमें सेवा, समर्पण और संवेदना से भरी मितानिनों की कार्यशैली का सुंदर चित्रण था।

## पेज 11 के शेष...

### मुंबई से टूटा रहा ...

महत्वपूर्ण कार्य समय समय पर पूरे नहीं होने की वजह से यात्री अटक गए। बुधवार से शुरू हुआ संकट का सफर शुक्रवार को भी जारी रहा है। स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर सुबह-सुबह आने वाली दिल्ली, मुंबई की फ्लाइट रद्द हो गई। दो दिन से हलाकान होने के बाद आज सुबह एयरपोर्ट पहुंचे यात्री फ्लाइट कैंसिल होने की सूचना मिलने पर कुपित हो गए और काफी देर तक उनका गुस्सा विमानन कंपनी के साथ एयरपोर्ट प्रबंधन के स्टाफ पर उतरा। सामान्य दिनों में मुंबई-रायपुर-मुंबई के बीच नियमित रूप से तीन फ्लाइट का संचालन होता है। शुक्रवार को तीनों विमान ने उड़ान नहीं भरा, जिससे दोनों शहरों के बीच हवाई संपर्क टूटा रहा। दिल्ली-रायपुर-दिल्ली के बीच सामान्यतः आठ फ्लाइट संचालित होती है। इनमें से इंडिगो की पांच फ्लाइट नहीं उड़ी और दोनों शहरों के बीच का सफर एयर इंडिया के भरोसे रह गया। इसके अलावा अहमदाबाद से आने वाली फ्लाइट चार घंटे, लखनऊ वाली फ्लाइट लगभग सात घंटे विलंब से रही। विमानों का शेड्यूल बिगड़ने के कारण यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। कोलकाता से लखनऊ जाने वाली फ्लाइट के करीब 50 यात्रियों को व्हाया भुवनेश्वर, रायपुर होकर लखनऊ भेजने का वादा किया गया। यात्री शाम जब रायपुर पहुंचे, तो उन्हें यहीं उतरने कहा गया। इसे लेकर विमानतल पर जमकर हंगामा हुआ।

### आयकर छापा में ...

क्षेत्र में दबिश देकर 40 कारोबारियों के ठिकानों पर दबिश दी थी। पहले दिन आयकर अधिकारी कंप्यूटर हार्ड डिस्क, लेनदेन रजिस्टर और संपत्ति से जुड़े दस्तावेजों की जांच में जुट गए। कार्रवाई के दौरान ही कारोबारियों से संबंधित और पांच लोगों के बारे में जानकारी मिली। इसके बाद उन ठिकानों पर आयकर के अफसर रेड मारने पहुंचे।

**बोगस बिलिंग के पेपर मिले:**-सूत्रों के मुताबिक कारोबारियों के ठिकानों से करोड़ों रुपए की बोगस बिलिंग के साथ लूज पेपर मिले हैं। ज्यादातर बोगस बिलिंग दूसरे राज्य के कारोबारियों के नाम से काटे जाने की जानकारी सूत्रों ने दी है। जिन लोगों तथा फर्म के नाम से बोगस बिलिंग की गई है, आयकर अफसरों ने उन्हें भी जांच के दायरे में लिया है। जिन फर्मों के नाम से बोगस बिलिंग की गई है, आयकर अधिकारी छापे की कार्रवाई पूरी करने के बाद उन फर्मों के बारे में जानकारी जुटाएगी।

### आपसी रंजिश के चलते...

चलते रामकुमार ने मुकेश उर्फ दादू साहू के पेट में बटनदार चाकू से हत्या करने की नियत से पेट में वार कर दिया। मुकेश को गंभीर हालत में उपचार के लिए एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने रामकुमार के खिलाफ हत्या की कोशिश तथा आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है।

# फर्जी दस्तावेज़ों पर 48 सिम कार्ड जारी करने का खुलासा, पीओएस संचालक पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

अभनपुर पुलिस ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर जारी किए गए 48 मोबाइल सिम कार्डो के एक बड़े मामले का खुलासा किया है। पुलिस मुख्यालय तकनीकी सेवाएं/साइबर पुलिस मुख्यालय, नया रायपुर से प्राप्त निर्देशों के बाद अभनपुर पुलिस ने जाँच कार्रवाई तेज की और इस नेटवर्क को उजागर किया। पुलिस को उच्च विभाग से 8 जुलाई 2025 को एक पत्र प्राप्त हुआ था, जिसमें फर्जी सिम जारी करने वाले प्वाइंट ऑफ सेल्स (पीओएस) की सूची भेजी गई थी। इसी आधार पर अभनपुर थाना प्रभारी सत्येन्द्र सिंह श्याम और विवेचना टीम ने संबंधित मोबाइल नंबरों की गहन जाँच की। जांच के दौरान, मोबाइल नंबरों के सीएएफ दस्तावेजों में तीन व्यक्तियों के नाम पाए गए। पुष्पेन्द्र कुमार साहू (निवासी मोहदी), संदीप कुमार साहू (निवासी केन्द्री), संदीप कुमार(निवासी भाठापारा बेलर) पूछताछ में इन तीनों व्यक्तियों ने स्पष्ट किया कि उन्होंने न तो कभी इन मोबाइल नंबरों का उपयोग किया है और न ही कोई सिम प्राप्त की है। उन्होंने बताया कि उनके आधार कार्ड व दस्तावेजों का उनकी जानकारी के बिना गलत उपयोग किया गया है।

### गुप्ता टेलीकॉम के संचालक पर लगा आरोप

तीनों पीड़ितों ने अपने बयान में उल्लेख किया कि शनि मंदिर के पास बस स्टैंड अभनपुर स्थित गुप्ता टेलीकॉम के संचालक शुभम गुप्ता द्वारा उनके दस्तावेजों का छलपूर्वक उपयोग कर फर्जी सिम कार्ड जारी किए गए और अन्य लोगों को बेचे जा रहे थे। जांच में यह तथ्य सामने आया कि केवल एक पीओएस आईडी के माध्यम से कुल 48 फर्जी मोबाइल नंबर जारी किए गए थे, जिनके सभी दस्तावेज संदिग्ध एवं गलत पाए गए।

### पुलिस ने दर्ज किया अपराध

पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पीओएस संचालक के विरुद्ध धारा 318(4) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। थाना प्रभारी सत्येन्द्र सिंह श्याम ने कहा कि पीओएस संचालकों और फर्जी सिम कार्ड जारी करने वाले पूरे नेटवर्क की जाँच जारी है। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की है कि वे अपने दस्तावेजों का उपयोग सावधानी से करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

**आम सूचना**

वाके मौजा डुमरतालाब प.ह.न.-104/53 रा.नि.म. रायपुर-3 कोटा वार्ड क्र. 22 पं. ईश्वरीचरण शुक्ला वार्ड तह. व जिला रायपुर (छ.ग.) मे स्थित परिवर्तित भूमि जिसका खसरा नं. 430/66 का भाग रकबा 1304 वर्गफुट भूमि के संबंध मे।

एतद द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के द्वारा विक्रेता श्री गिरधारी लाल खटवानी पिता स्व.श्री चेटूमल खटवानी निवासी मकान नं. ई-168 गरबा मैदान केपीछे सेक्टर - 05 देवेन्द्र नगर रायपुर (छ.ग.) के आधिपत्य की परिवर्तित भूमि जो कि ग्राम डुमरतालाब प.ह.न. 104/53 रा.नि.म. रायपुर-3 कोटा वार्ड क्र. 22 पं. ईश्वरी चरण शुक्ला वार्ड तह. व जिला रायपुर मे स्थित है जिसका खसरा नं 430/66 रकबा 1304 वर्गफूट को क्रय करने का पक्का सौदा कर ब्याना राशि प्रदान कर बिक्री इकरारनामा का निष्पादन करा लिया गया है सिर्फ बैनामा पंजीयन कराना शेष है।

अतएव उक्त संव्यवहार से किसी भी व्यक्ति संस्था शासकीय अर्धशासकीय निकाय वित्तीय संस्थाए बैंक इत्यादि को किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति या स्वामित्व संबंध मे आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर मेरे निम्नलिखित पते पर मय दस्तावेज सहित उपस्थित होकर आपत्ति दर्ज करा सकते है। समयावधि पश्चात मेरा पक्षकार विक्रय विलेख का निष्पादन पंजीयन करा लेगा। समयावधि पश्चात की गई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगा ।

**सो सूचना जाने**

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक 05.12.2025

**राजकुमार कडोले, रोहित त्रिपाठी**
**अधिवक्तागण**
**डॉ. राजेन्द्र नगर आर्यसमाज स्कूल के सामने रायपुर (छ.ग.)**
**मोबा. 9827112913,7879821938**

**:: आम सूचना ::**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्री मोहन लाल वर्मा पिता श्री भौंदू राम वर्मा निवासी ग्राम नरदहा, पो. आ. नरदहा तह. आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) के स्वामित्व की भूमि ग्राम नरदहा, प.ह.नं. 01, रा.नि.मं. चंदखुरी तहसील आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित खसरा नंबर 955 रकबा 0.9600 हे. भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा किया है तथा भूमि के विक्रय प्रतिफल की अग्रिम ब्याना राशि प्रदान कर हस्ताक्षरित विक्रय इकरारनामा/ विक्रय विलेख निष्पादित किया गया है तथा निष्पादित विक्रय विलेख के पंजीयन हेतु आवश्यक स्टाम्प शुल्क जमा किया जा चुका है व पंजीयन किया जाना शेष है अतः किसी भी व्यक्ति संस्था या बैंक, निगम इत्यादि को अगाह किया जाता है कि उक्त संपत्ति पर विक्रेता से किसी भी प्रकार का नया सौदा, ब्याना, गिरवी या अन्य लेनदेन न करें । ऐसा कोई भी लेनदेन कानूनन शून्य, अमान्य एवं अप्रभावी माना जावेगा तथा उसकी समस्त कानूनी जिम्मेदारी तिसरे पक्ष की स्वयं की होगी । मेरे पक्षकार का पूर्ववर्ती कानूनी अधिकार व दावा पूर्णतः सुरक्षित है ।

यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को स्वामित्व या दावेदारी के संबंध में आपत्ति हो तो वह प्रकाशन की तिथि से 7 दिनों के भीतर संगत दस्तावेज सहित आपत्ति प्रस्तुत करें । बाद में प्राप्त अपत्तियां अमान्य मानी जाएंगी।

सूचना जनहितार्थ प्रकाशित ।

**रायपुर**
**दिनांक 29.11.2025**

**अभिजीत सिंह**
**अधिवक्ता**
**हर्षित कार्पोरेट प्रथम तल, जी. ई. रोड, आमानाका, रायपुर (छ.ग.) मो.नं. 9713266681**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार धरसींवा 05**
**मामले की श्रेणीः राजस्व**

संदर्भः- जिला- **रायपुर** तहसील- **धरसीवा** प.ह.न.- **00005 कुथरैल** ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- **RD202526440715500003**

**// ईश्तहार //**

तहसील धरसीवा के प.ह.न. 00005 के अंतर्गत ग्राम कुथरैल के वर्तमान भूमिस्वामी **बिसहत वगैरह पिता/पति- पता-सा देह** के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक **291/5(0.1010)** में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता **झग्गर जोशी पिता/पति-बिहारी सतनामी पता- निवासी ग्राम कुथरैल तहसील धरसीवा जिला रायपुर छ.ग.** के नाम पर पंजीयन/ फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक **24/12/2025** को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय **न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार धरसींवा 05** पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक **01/12/2025** को जारी किया जाता है।

मुहर **तहसीलदार : Babulal kurrey**
**उप तहसील - धरसीवा**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार धरसींवा 05**
**मामले की श्रेणीः राजस्व**

संदर्भः- जिला- रायपुर तहसील-धरसीवा प.ह.न. -00005 कुथरैल ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-. RD202526440715500004

**//ईश्तहार//**

तहसील धरसीवा के प.ह.न. 00005 के अंतर्गत ग्राम कुथरैल के वर्तमान भूमिस्वामी रतन पिता/पति- पता-सा. देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 291/4 (0.4040) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता झग्गर जोशी पिता/पति-बिहारी सतनामी पता निवासी ग्राम कुथरैल तहसील धरसीवा जिला रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन /फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के. न्यायलय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 24/12/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायलय अतिरिक्त तहसीलदार धरसींवा 05 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा 'आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता/ आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01/12/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर **तहसीलदारः Babulal kurrey**
**उप तहसील- धरसींवा**

## खबर संक्षेप

### संसदीय कार्य मंत्री ने सत्र से पहले किया नए विधानसभा भवन का निरीक्षण



**रायपुर।** संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप ने शुक्रवार को नवीन विधानसभा भवन का निरीक्षण कर आगामी शीतकालीन सत्र की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने सदन संचालन से जुड़े सभी तकनीकी, सुरक्षा और प्रोटोकॉल संबंधी प्रबंधों की जानकारी ली। विधानसभा का शीतकालीन सत्र 14 से 17 दिसंबर तक चलेगा।

### 18 लाख पीएम आवास पर सरकार जारी करे श्वेत पत्र

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, साय सरकार 18 लाख आवास पर श्वेत पत्र जारी करे। भाजपा अध्यक्ष किरण



सिंह देव ने भाजपा सरकार बनने के बाद 18 लाख आवास स्वीकृत होने का दावा किया गया है, जबकि सच यह है कि 18 लाख आवास में से अब तक एक भी आवास वर्तमान सरकार के कार्यकाल में स्वीकृत नहीं हुआ है।

### राजधानी में रिंग रोड एक का होगा चौड़ीकरण

**रायपुर।** संसद भवन में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से विशेष भेंट के दौरान सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने रायपुर



शहर में बढ़ते ट्रैफिक दबाव, आम नागरिकों की दिन-प्रतिदिन बढ़ती समस्या तथा एनएच 53 रिंग रोड नंबर एक के सर्विस रोड की अपर्याप्त चौड़ाई का मुद्दा मजबूती से रखा। केंद्रीय मंत्री गडकरी ने तुरंत इस महत्वपूर्ण परियोजना को सहमति प्रदान की और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है।

### नक्सलवाद अब समाप्ति की ओर : संतोष पांडेय

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता और सांसद संतोष पाण्डेय ने देश की आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में हुए कार्य को 'आंतरिक सुरक्षा का स्वर्णकाल' बताया है। श्री पाण्डेय ने शुक्रवार को लोकसभा में चर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा, मैं छत्तीसगढ़ की ओर से सरगुजा से लेकर के पूरे बस्तर संपूर्ण छत्तीसगढ़ की ओर से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने के लिए खड़ा हुआ हूं।

### छग कुंभकार समाज के पदाधिकारियों ने ली शपथ



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कुंभकार समाज 1322 के क्रांति प्रतिनिधियों का शपथ ग्रहण समारोह महादेवघाट स्थित स्व. खेदुरम चक्रधारी भवन में संपन्न हुआ, जिसमें प्रदेश स्तर के सभी पदाधिकारी एवं नागरिक उपस्थित थे। इस दौरान समाज में शिक्षा रोजगार एवं समाज को संगठित का समर्पित भाव से सभी को कार्य करने की शपथ ली। महिला प्रकोष्ठ एवं युवा प्रकोष्ठ के सभी पदाधिकारी भी इस दौरान मौजूद रहे। नवनियुक्त अध्यक्ष नंदकुमार चक्रधारी, उपाध्यक्ष आत्माराम प्रजापति, दशरथ कुंभकार, महामंत्री हेमलाल कौशिक, उप महामंत्री जयराम कुंभकार, कोषाध्यक्ष जयप्रकाश कुंभकार एवं महिला प्रकोष्ठ से अध्यक्ष हेमलता प्रजापति, उपाध्यक्ष प्रीति कुंभकार, सचिव मनिया चक्रधारी तथा युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष नंदलाल चक्रधारी, उपाध्यक्ष थानेश्वर चक्रधारी, महामंत्री सुखद चंद प्रजापति, उप महामंत्री ऋषिकांत कुमार एवं युवा प्रकोष्ठ के सभी सदस्य उपस्थित थे। शपथ ग्रहण ग्रहण कार्यक्रम में अध्यक्ष नंदकुमार ने कहा कि आने वाले समय में नई टीम के कार्य की रूपरेखा, समाज में शिक्षा, रोजगार के संबंध में विमर्श किया जाएगा।

# भारत, दक्षिण अफ्रीका मैच में सुरक्षा को लेकर उठे गंभीर सवाल

- खिलाड़ियों की सुरक्षा में आपराधिक रिकार्ड वाले बाउंसर तैनात करने के आरोप
- जितने भी अंतर्राष्ट्रीय मैच हुए एक ही सुरक्षा संचालित करने वाले ग्रुप को दी जाती है जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम में पिछले दिनों आयोजित भारत-दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट मैच में खिलाड़ियों की सुरक्षा में एक बड़ी चूक सामने आई है। छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ द्वारा मैदान पर खिलाड़ियों की सुरक्षा के लिए बाउंसर के रूप में अपराधिक रिकार्ड वाले लोगों को तैनात करने का आरोप है। मैदान में खिलाड़ियों की सुरक्षा के लिए तैनात किए बाउंसरों के खिलाफ मौदहापारा तथा खम्हारडीह थाना में मारपीट, बलवा तथा हत्या की कोशिश करने का अपराध दर्ज है। खिलाड़ियों की मैदान में सुरक्षा के लिए बाउंसर वसीम बाबू और उसके साथियों को सुरक्षा की जिम्मेदारी दी गई थी। बताया जा रहा है, खिलाड़ियों की सुरक्षा के लिए आपराधिक रिकार्ड वाले बाउंसर खिलाड़ियों की सुरक्षा को नजर अंदाज करते हुए खिलाड़ियों के आगे-पीछे रील बनाने में व्यस्त थे। बीसीसीआई के नियम के अनुसार मैदान में निजी सुरक्षा गार्ड को एक दूसरे के साथ संपर्क करने वाकी-टाकी को छोड़ मोबाइल रखने की अनुमति नहीं है। ऐसे में बाउंसर मैदान के अंदर अपने साथ मोबाइल लेकर कैसे पहुंचे, इस पर भी सवालियान निशान लग रहा है।



### क्रिकेट फैंस के साथ मारपीट

स्टेडियम के अंदर बाउंसरों द्वारा क्रिकेट फैंस के साथ मारपीट करने का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें एक बाउंसर एक क्रिकेट फैंस की लात, घूंसों के साथ डंडे से पिटाई करता दिख रहा है। इसके अलावा टिकट लेकर स्टेडियम जाने वाले दर्शकों के साथ बाउंसरों की बेवजह धक्का मुक्की तथा मारपीट करने का वीडियो वायरल हुआ है।

### कई खिलाड़ियों को मिली है जेड प्लस सुरक्षा

खिलाड़ियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार ने कई खिलाड़ियों को जेड प्लस सुरक्षा प्रदान की है। ऐसे में अपराधिक रिकार्ड वाले बाउंसरों को खिलाड़ियों की सुरक्षा में तैनात करने से कई गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। इस संबंध में छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ से जुड़े लोगों का पक्ष लेने की कोशिश की गई, लेकिन जिम्मेदार इससे बचते नजर आए।

### खिलाड़ियों की सुरक्षा के लिए पुलिस की तैनाती

मैच में कानून व्यवस्था बनाए रखने बीसीसीआई ने पुलिस विभाग को एक निश्चित राशि दी थी। मैदान के बाहर आईपीएस स्तर के अधिकारी खिलाड़ियों की सुरक्षा कर रहे थे। ऐसे में मैदान के अंदर खिलाड़ियों की सुरक्षा के लिए निजी बाउंसर तैनात करने को लेकर जानकार सवाल उठा रहे हैं।

यात्रियों की सुरक्षा को लेकर रेलवे का नया कदम

# कोच में आग की भनक लगते ही बजेगा अलार्म, जोन के नवाचारों से यात्रियों में बढ़ी संचालन विश्वसनीयता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रेल सफर के दौरान अगर एसी कोच में आग लगने की घटना हुई, तो अंदर लगा सायरन आटोमेटिक बजने लगेगा। इसके लिए कोच के अंदर फायर डिटेक्शन सिस्टम लगेगा। रेलवे बोर्ड ने सभी डिवीजन को चरणबद्ध तरीके से लंबी दूरी की सभी ट्रेनों में इसे लगाने का निर्देश जारी किया है। दुर्ग कोचिंग डिपो द्वारा इस उन्नत फायर डिटेक्शन सिस्टम को राज्योत्सव 2025 (1–6 नवम्बर, नया रायपुर) में प्रमुख रूप से प्रदर्शित किया गया, जहां इस मॉडल को व्यापक सराहना मिली थी।

फायर डिटेक्शन सिस्टम के अंतर्गत एसी कोच की छत पर विशेष धुआं सेंसर लगाए गए हैं। जैसे ही कोच के अंदर किसी कारणवश धुआं प्रवेश करता है, सेंसर तुरंत सक्रिय हो जाता है और ऑटोमेटिक सायरन बज उठता है। सायरन बजने के साथ ही यात्रियों और ट्रेन स्टाफ को सतर्क होने का संकेत मिल जाता है। इससे आग को शुरुआती स्तर पर ही नियंत्रित करने में बड़ी मदद मिलती है। रेल अधिकारियों का कहना है कि यह पूरा सिस्टम पूरी तरह से ऑटोमेटिक है और इसमें किसी भी प्रकार की मानवीय हस्तक्षेप की जरूरत नहीं पड़ती।

### आगजनीकी दुर्घटनाओं से बचने रेलवे अब उन्नत फायर डिटेक्शन सिस्टम का कोच में कर रहा इस्तेमाल




### गार्ड वैन में हैंड ब्रेक इंडिकेटर की व्यवस्था

कोचिंग डिपो बिलासपुर द्वारा दो एलएचबी गार्ड वैन में ट्रेन मैनेजर (गार्ड) के केबिन में हैंड ब्रेक इंडिकेटर स्थापित किया गया है। यह सुधार ब्रेक संचालन की निगरानी को सरल और अधिक विश्वसनीय बनाता है, जिससे ट्रेन संचालन में सुरक्षा को नई मजबूती मिलती है ।

### स्मोकिंग डिटेक्शन सिस्टम पहले से मौजूद

लंबी दूरी की एसी ट्रेनों के साथ-साथ इंटरसिटी, राज्यरानी और जनहित एक्सप्रेस जैसी महत्वपूर्ण ट्रेनों में पहले से ही स्मोकिंग डिटेक्शन सिस्टम लगाया गया है। यदि कोई यात्री ट्रेन के टॉयलेट या गेट पर भी धूम्रपान करता है, तो सायरन तुरंत बजने लगता है। इसे काफी पहले लागू कर दिया गया था और इसका अच्छा प्रभाव भी देखा जा रहा है, लेकिन अब एसी कोच में आग की रोकथाम के लिए रेलवे और अधिक उन्नत तकनीक का उपयोग कर रहा है।

### एसी कोच में भी लगेगा सिस्टम

रेलवे से मिली जानकारी मुताबिक यह अब सिस्टम एसी कोच में भी लगाया जाएगा। एसी कोच पूरी तरह से सील रहते हैं और इनमें वेंटिलेशन की कम सुविधा होती है। ऐसे में धुआं फैलने पर यात्रियों को खतरा अधिक होता है। इसके विपरीत, स्लीपर कोच में हवा का आवागमन बेहतर होता है, जिसके कारण धुआं उतनी तेजी से नहीं भरता। इसी वजह से पहले एसी कोच में यह सिस्टम अनिवार्य किया जा रहा है।

# अजीब आफत... माशिम ने फिर बढ़ाई केंद्रीय छात्रवृत्ति की आवेदन तिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- महाविद्यालयीन और विश्वविद्यालयीन छात्रों को प्रदान की जाती है केंद्रीय छात्रवृत्ति
- पहले भी तीन बार बढ़ाई जा चुकी है आवेदन तिथि

माध्यमिक शिक्षा मंडल अजीब परेशानी में पड़ गया है। छात्रवृत्ति विरतण के लिए मंडल को छात्र नहीं मिल रहे हैं। आवेदन प्राप्त नहीं होने के कारण माशिम को एक बार फिर से आवेदन तिथि में वृद्धि करनी पड़ी। इससे पहले अब तक माशिम तीन बार आवेदन तिथि में वृद्धि कर चुका है। भारत सरकार द्वारा महाविद्यालयीन और विश्वविद्यालयीन छात्रों को केंद्रीय छात्रवृत्तियां प्रदान की जाती हैं। इसके अंतर्गत मेधावी और आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए वित्तीय सहायता दे जाती है। इसके तहत स्नातक स्तर पर अध्ययनरत छात्रों को 12 हजार और स्नातकोत्तर स्तर पर अध्ययनरत छात्रों को 20 हजार रुपए प्रतिवर्ष प्रदान किए जाते हैं। नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल के माध्यम से इसके लिए ऑनलाइन आवेदन किए जा सकते हैं।



### ऑनलाइन होगा वेरिफिकेशन

आवेदन के लिए 12वीं कक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक अनिवार्य होते हैं। प्रथम वर्ष में स्कॉलरशिप प्रदान किए जाने के बाद आगे के वर्षों में स्कॉलरशिप तभी मिलती है, जब छात्र निर्धारित अंक हासिल कर चुके होते हैं। इस कारण आवेदनों का नवीनीकरण अनिवार्य होता है। नवीन आवेदनों के साथ पुराने आवेदनों की नवीनीकरण तिथि भी बढ़ाई गई है। माशिम ने छात्रों से कहा है कि वे महाविद्यालय स्तर पर ऑनलाइन वेरिफिकेशन करवाएं। इसके बाद ही माशिम द्वारा ऑनलाइन वेरिफिकेशन करना संभव हो पाएगा। महाविद्यालयों से भी कहा गया है कि वे आवेदनों का ऑनलाइन वेरिफिकेशन करने के बाद मंडल को प्रेषित करें।

# सार्वजनिक शौचालय को बना दिया बकरी रखने का डेरा, शिकायत पर कार्रवाई, किया जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आमानाका रेलवे ओवरब्रिज के नीचे बनी नई चौपाटी वेंडिंग जोन क्षेत्र से लगे सार्वजनिक शौचालय को कुछ लोगों ने बकरियों का डेरा बना रखा था। इसकी शिकायत मिलने पर नगर निगम की टीम ने शुक्रवार को मौके पर पहुंचकर बंधी बकरियों को जब्ती बनाने की कार्रवाई करते हुए बकरियों का पालन करने वाले लोगों को भविष्य में ऐसा करने पर कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के माध्यम से निगम क्षेत्र में आमानाका रेलवे ओवरब्रिज के नीचे की जगह को चौपाटी वेडिंग जोन क्षेत्र बनाया गया है। इस क्षेत्र में सार्वजनिक शौचालय भी है, जिसका लोग उपयोग भी करते हैं। इस शौचालय परिसर को बकरी पालने वाले कुछ लोगों ने बकरियों के बांधे रखने का डेरा बना लिए थे, जिससे शौचालय में आने वाले लोगों को परेशानी होती है। इसकी शिकायत जोन-7 कार्यालय में की गई थी। इस शिकायत पर टीम जब मौके पर पहुंची, तो शिकायत सही पाई गई। इसके बाद टीम ने यहां बंधी बकरियों को न केवल जब्ती बनाया, बल्कि उनका पालन करने वाले लोगों को फटकार लगाते हुए चेतावनी भी दी।

# स्कूलों को तंबाकू मुक्त बनाने स्वास्थ्य विभाग ने लगाई शिक्षकों की क्लास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



स्कूलों के 100 गज के दायरे को तंबाकू मुक्त रखने चलाए जा रहे अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग ने शुक्रवार को शासकीय और निजी स्कूलों के शिक्षकों की क्लास लेकर इसके दुष्प्रभाव की जानकारी दी। उन्होंने बताया गया कि कैंसर की बीमारी होने की मुख्य वजह तंबाकू का उपयोग है।

विद्यार्थियों को इससे संबंधित जानकारी देने के साथ कोटपा एक्ट के पालन पर विशेष जोर दिया गया। तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा युवा अभियान 3.0 प्रदेशभर में चलाया जा रहा है। इसके तहत कोटपा एक्ट का पालन शिक्षण संस्थाओं में कराने पर जोर दिया है। इसी चरण में शुक्रवार को जिला कलेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार के निर्देशन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के सभाकक्ष में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी एवं उपस्थिति में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यकम अंतर्गत शासकीय एवं निजी स्कूलों के प्राचार्यों का एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यकम के अंतर्गत कोटपा एक्ट 2003 व तंबाकू के नशे से होने वाले दुष्प्रभाव के विषय में जागरूक किए जाने एवं सभी शासकीय एवं निजी स्कूलों को तंबाकू मुक्त बनाने पर जोर दिया गया। स्कूलों के आसपास 100 गज के अंदर किसी भी प्रकार के तंबाकू उत्पादों की खरीदी बिक्री प्रतिबंधित हैं। इस नियम का पालन सख्ती से किए जाने इसके उपयोग पर भी रोक लगाने पर रणनीति बनाने चर्चा की गई। ट्रेनिंग में मास्टर ट्रेनर के रूप में डॉक्टर के शिल्पा जैन एसोसिएट प्रोफेसर दंत चिकित्सा महाविद्यालय, स्टेट कंसल्टेंट डॉक्टर आनंद वर्मा, डॉक्टर संजय नामदेव, उपस्थित रहे। इस दौरान प्राचार्यों को स्कूल में लगाने के आईईसी प्रदान किया गया। नोडल अधिकारी डॉ प्रीति नारायण ने सभी प्रतिभागियों को शपथ दिलाई। इस दौरान जानकारी दी गई कि प्रदेश में मुख के कैंसर का सबसे बड़ा कारण तंबाकू सेवन हैं।



### ऐमिटी ने धूमधाम से मनाया वार्षिक समारोह


**रायपुर।** ऐमिटी इंटरनेशनल स्कूल रायपुर ने गुरुवार को सत्यसाई संजीवनी हॉस्पिटल के ऑडिटोरियम में अपना दूसरा वार्षिक समारोह "प्रतिबिंब- हमारे भीतर का नायक" विषय के अंतर्गत गरिमामय एवं भावनात्मक वातावरण में मनाया। आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों के भीतर निहित साहस, करुणा और वैश्विक मानव मूल्यों को उजागर करना था। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन से हुई। संपूर्ण कार्यक्रम स्कूल के संस्थापक डॉ. अशोक के. चौहान एवं चेयरपर्सन डॉ. अमिता चौहान के दूरदर्शी दृष्टिकोण को प्रतिबिंबित करता है, जिसमें आंतरिक शक्ति, दया और नायकत्व की भावना को जीवन मूल्यों के रूप में प्रस्तुत किया गया। इस गरिमामय अवसर पर मुख्य अतिथि संगीता राजगोपाल (आईएएस) तथा बतौर विशिष्ट अतिथि राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित बीएसएफ अधिकारी संजय यादव शामिल हुए।

# नगर निगम की बड़ी कार्रवाई, संपत्ति कर का भुगतान नहीं करने वाली तीन दुकानें सीलबंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम ने शुक्रवार को शहर में संपत्ति कर के तीन बड़े बकायादारों की दुकानों को सीलबंद करने की कार्रवाई की है। इसमें शराब दुकान के साथ डेयरी स्वीट्स एवं फ्रूट्स की दुकान शामिल है। इसके अलावा अन्य एक प्रकरण में पोरवाल किचन में भारी गंदगी मिलने पर उसे भी सीलबंद किया है। इसके अलावा कई क्षेत्र में अवैध कब्जों को हटाने तथा सामान जब्ती बनाने की कार्रवाई भी हुई है।

जोन 3 क्षेत्र में खम्हारडीह चौक के पास व्यावसायिक परिसर की 4 दुकान ग्वाला डेयरी स्वीट्स दुकान, शराब दुकान, हनी फ्रूट्स तथा टीव्हीएस गोडाउन पर कुल 16 लाख 13 हजार 964 रुपए का संपत्ति कर बकाया है। इन सभी को पूर्व में निगम ने नोटिस जारी किया था। इसके बाद भी इन दुकान-गोडाउन के संचालक बकाया राशि का भुगतान नहीं कर रहे थे। इसे देखते हुए राजस्व विभाग के अधिकारियों के नेतृत्व में टीम सीलबंद कार्रवाई करने यहां पहुंची। इस दौरान टीव्हीएस गोडाउन को छोड़कर तीनों दुकानों को सीलबंद किया, वहीं गोडाउन के संचालक ने 3 लाख 51 हजार रुपए की राशि तत्काल जमा कराते हुए शेष राशि आगामी माह में देने का आश्वासन दिया। इसके बाद टीम ने इस दुकान को सीलबंद नहीं किया।





### स्वास्थ्य टीम ने पोरवार किचन को किया सीलबंद

नगर निगम की स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अनुपम नगर क्षेत्र में दुकान-होटलों का निरीक्षण किया। इस दौरान यहां पोरवाल किचन में भारी गंदगी मिली। इसे देखते हुए इसे तत्काल सीलबंद करने की कार्रवाई की। इस टीम में जोन क्षेत्र के कार्यपालन अभियंता सुशील मोडेस्टस, सहायक अभियंता नरेश साहू सहायक राजस्व अधिकारी मानकू राम धीवर, उप अभियंता अक्षय भारद्वाज, जोन स्वास्थ्य अधिकारी पूरन कुमार तांडी, राजस्व निरीक्षक जितेंद्र नियाल सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# कांग्रेस की ट्रेनिंग में 'ट्रिपल टी' और 'ट्रिपल पी' की चरण-वंदना का पढ़ाया जाएगा पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के वन एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने कांग्रेस के सभी 41 नवनियुक्त जिला अध्यक्षों को ट्रेनिंग देने के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी के छत्तीसगढ़ आने की खबरों को लेकर कहा, कांग्रेस में संगठनात्मक प्रशिक्षण का तो कोई कॉन्सेप्ट कभी नजर ही नहीं आया है, तो प्रस्तावित ट्रेनिंग कैम्प में 10 दिनों तक कार्यकर्ताओं को 'ट्रिपल टी' ('ट्रांसफर, टेण्डर और टिकट) की सीख ही दी जाएगी, 'ट्रिपल पी' (परमपूज्य पोलिटिकल परिवारवादी पार्टी) की चरण-वंदना का पाठ पढ़ाया जाएगा। श्री कश्यप ने कहा, दरअसल कांग्रेस का राजनीतिक चरित्र ही झूठ बोलकर जनता को गुमराह करना और येन-केन-प्रकारेण अराजकता फैलाने के अपने एजेंडे को आगे बढ़ाना ही है।



ऐसे में कांग्रेस के राहुल गांधी से लेकर तमाम केंद्रीय व प्रदेश नेता अपने जिला अध्यक्षों को क्या 10 दिनों तक यही ट्रेनिंग देने आ रहे हैं।

कांग्रेस में प्रशिक्षण के नाम पर क्या पाठ पढ़ाया जाता रहा है, यह देश भलीभांति जानता है। युवा कांग्रेस के लोग तो एक बार ट्रेनिंग लेने के बाद ऐसा कहर बरपा चुके हैं कि युवा कांग्रेस के कांग्रेस की गुण्डावाहिनी कहा जाने लगा था। इसी प्रकार एनएसयूआई के लोगों ने ट्रेनिंग लेकर लौटते समय लूटपाट और तोड़फोड़ करके कहर बरपाया था।

# रायपुर के जिला प्रभारी राजेन्द्र शर्मा ने कहा एसआईआर का काम गंभीरता से करें कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा जिला कार्यालय एकात्म परिसर में जिलाध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर के नेतृत्व में संगठन के नवनियुक्त जिला प्रभारी राजेंद्र शर्मा के प्रथम रायपुर आगमन पर सभी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर जोशीला स्वागत किया।

रमेश सिंह ठाकुर ने बताया, बेमेतरा जिले के जिलाध्यक्ष के रूप में काफी लम्बे समय तक कार्य करने का अनुभव हम सभी के लिए मार्गदर्शन का कार्य करेगा। जिलाध्यक्ष ने रायपुर की चारों विधानसभाओं में चल रहें एसआईआर के कार्य की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। साथ ही पार्टी के द्वारा शुरू किए गए स्वदेशी



अभियान, हर घर संपर्क अभियान एवं हिन्दू सम्मलेन आयोजित करने के लिए कार्यकर्ताओं से आह्वान किया। रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने बताया, किस तरह से राजधानी के कार्यकर्ता प्रदेश आए हुए सभी कार्यकर्मों में बढ़ चढ़कर अपनी बड़ी संख्या में भागीदारी देते हैं। प्रभारी राजेंद्र शर्मा ने कहा, मैं एक नेता के तौर पर नहीं एक कार्यकर्ता के नाते आपके साथ काम करने आया हूं। प्रदेश के सभी कार्यकर्मों में रायपुर शहर के कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका रहती है उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से एसआईओर के कार्य को गंभीरता के साथ तय समय सीमा 11 दिसंबर तक पूर्ण करने का आग्रह किया। उन्होंने सभी नेताओं से विशेष तौर पर बूथ स्तर के कार्यकर्ता के घर जाकर प्रवास करने का आग्रह किया। नवनियुक्त प्रकोष्ठों के प्रदेश संयोजक एवं सह-संयोजक का भी स्वागत किया गया।





02 शास्त्रीय संगीत पर नृत्यांगनाओं की ....

## सिटी इवेंट

# सोशल मीडिया का किशोर अवस्था के मन-मस्तिष्क पर बड़ा प्रभाव, पैरेंट्स मित्र बनकर करें संयमित



**रायपुर।** रोटरी क्लब रायपुर द्वारा अभिभावकों एवं शिक्षकों के लिए अवेयरनेस कार्यक्रम विमतारा हॉल में रोटरी क्लब डिस्ट्रिक्ट 3261 के अंतर्गत डिस्ट्रिक्ट डिसीज प्रिवेन्शन कमिटी एवं रोटरी क्लब रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता डॉ. इला गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि जब बच्चे यौवन अवस्था में पहुंचते हैं तो वे बहुत तेजी से यौन, शारीरिक और भावनात्मक परिवर्तनों का अनुभव करते हैं, जिन्हें वे नियंत्रित नहीं कर सकते। सोशल मीडिया, रील एवं इसी प्रकार के अनेक माध्यमों ने किशोर अवस्था के मन-मस्तिष्क पर बहुत प्रभाव डाला है। लड़के और लड़कियां अलग-अलग उम्र में यौवन की अवस्था में पहुंचते हैं। वे इस तरह के सवालों को लेकर चिंतित रहते हैं 'क्या मैं सामान्य हूं', 'मैं कैसा दिखता हूं', और 'लोग मेरे बारे में क्या सोचते हैं' किशोर आयु वास्तव में एक बच्चे से युवा अवस्था में पदार्पण के मध्य का अति संवेदनशील समय होता है। यदि अभिभावक इस अवस्था में अपने बच्चों को सही राह दिखा पाते हैं और उनके तन-मन के बदलाव की स्थिति में मित्रवत मार्गदर्शन करते हैं, तो वे मानसिक तनाव से दूर रहकर अपने को स्वस्थ महसूस करेंगे।

### इन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाया

कार्यक्रम की समाप्ति रोटरी क्लब के सचिव डॉ. राकेश पांडे के धन्यवाद प्रस्ताव से हुई। उन्होंने कहा कि हमने करीब एक माह पूर्व आयोजित बच्चों के मानसिक तनाव कार्यक्रम के समय घोषणा की थी कि शीघ्र ही अभिभावकों व शिक्षकों के लिए भी हम ऐसा ही आयोजन करेंगे। यह कमिटमेंट हमने पूरा किया। हम सभी अभिभावकों, शिक्षकों, मुख्य वक्ता, मुख्य अतिथि का आभार है, जिन्होंने अपना कीमती समय देकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

### पर्याप्त नींद और व्यायाम पर भी दें ध्यान

यह ध्यान देना जरूरी है कि भावनात्मक संघर्षों, यौवन और तनाव में किशोरों का समर्थन करने के लिए, उनकी बातों को बिना टोके सुनना, उनकी भावनाओं को स्वीकार करना और उन्हें सुरक्षित व सहायक वातावरण प्रदान करना आपकी जिम्मेदारी है। बच्चों को अपनी भावनाओं को व्यक्त करने के लिए आप उन्हें पूरा अवसर प्रदान करें। अपने ऑब्जर्वेशन के आधार पर मैंने जो आपको बताया है, उसके आधार पर उन्हें स्वस्थ तनाव प्रबंधन की तकनीकों से प्रोत्साहित करें, साथ ही पर्याप्त नींद और व्यायाम पर भी ध्यान दें। यदि आवश्यक हो तो मानसिक स्वास्थ्य पेशेवर से मदद लेने में संकोच न करें।

## लाइव इवेंट

# आर्किटेक्चर्स ने पर्यावरण के अनुकूल ग्रीन बिल्डिंग कांसेप्ट में एम-सैंड तकनीक को बताया समय की मांग



**रायपुर।** एनआईटी में ग्रीन ऐशकॉन एवं ग्रीन बिल्डकॉन-2025 का भव्य शुभारंभ हुआ। यह तीन दिवसीय कार्यक्रम शुक्रवार को एनआईटी के सभागार में प्रतिष्ठित अतिथियों, प्रख्यात शिक्षाविदों, उद्योग जगत के दिग्गजों व देशभर से आए 150 से अधिक प्रतिभागियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। ग्रीन ऐश फाउंडेशन, जो पिछले आठ वर्षों से फ्लाई ऐश उपयोगिता पर जन-जागरूकता एवं तकनीकी कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है, ने एक बार फिर विशेषज्ञों और हितधारकों को टिकाऊ निर्माण एवं पर्यावरणीय समाधान पर चर्चा के लिए एक मंच पर एकत्रित किया। इस सम्मेलन में देशभर की विभिन्न संस्थाओं और उद्योगों से 100 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वित्त मंत्री ओमप्रकाश चौधरी ने सम्मेलन का औपचारिक उद्घाटन किया। अपने मुख्य संबोधन में वित्त मंत्री ने फ्लाई ऐश के बढ़ते महत्व पर जोर दिया और युवाओं से इस महत्वपूर्ण क्षेत्र में सक्रियता से जुड़ने का आव्हान किया। उन्होंने फ्लाई ऐश के लाभों पर प्रकाश डालते हुए एम-सैंड को टिकाऊ निर्माण का प्रभावी विकल्प बताया। उन्होंने कहा कि ग्रीन ऐशकॉन जैसे जागरूकता कार्यक्रम "आज के युवा वर्ग के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण" हैं। युवाओं को हर हाल में पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्ध रहने की सलाह दी। एनआईटी रायपुर के निदेशक, डॉ. एनवी रमना राव ने अपने संबोधन में संस्थान द्वारा फ्लाई ऐश उपयोगिता पर लंबे समय से किए जा रहे अनुसंधान और नवाचार का उल्लेख किया।

### टिकाऊ निर्माण सामग्री को बढ़ावा देने पर जोर

एनआईटी रायपुर के सिविल इंजीनियरिंग, केमिकल इंजीनियरिंग, माइनिंग इंजीनियरिंग, आर्किटेक्चर विभागों के वरिष्ठ प्राध्यापक तथा रजिस्ट्रार कार्यालय के अधिकारी इस दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित रहे, जो संस्थान के दृढ़ समर्थन को दर्शाता है। ग्रीन ऐश फाउंडेशन के चेयरमैन सुधीर पालीवाल ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि सरकारी सहयोग मिलने पर ऐसे सम्मेलन अत्यंत प्रभावशाली बन सकते हैं। उन्होंने भारत में टिकाऊ निर्माण सामग्री को बढ़ावा देने के लिए उपयुक्त नीतियों और योजनाओं की आवश्यकता पर बल दिया।

## राष्ट्रीय जागरण मंच रायपुर चैप्टर का आंतरिक सुरक्षा प्रभाव पर वर्कशॉप

# पाकिस्तान की मिलेट्री वतन की सबसे बड़ी दुश्मन है, अपनी ही जनरेशन का ब्रेनवॉश कर भारत के प्रति भर रही नफरत

> पाकिस्तान आतंकवादी परस्त राष्ट्र है, इसमें किसी को कोई संदेह नहीं होना चाहिए, लेकिन भारत का विभाजन की मुख्य वजह धर्म बिल्कुल नहीं था। देश के विभाजन का कारण अंग्रेज लोग थे। भारत देश के विभाजन की वजह ज्यादातर देशवासी धर्म को मानते हैं, पर मैं नहीं मानता। पहलगाम आतंकी हमले में निर्दोष नागरिकों के नुकसान का बदला हमने ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान के दिल पर हमला कर लिया।



**रायपुर।** इस ऑपरेशन की टीम लीडर कर्नल सोफिया कुरैशी मेरी मुंहबोली बेटी हैं। वे जब छुट्टी पर आती हैं तो दस दिन हमारे घर रहती हैं। यह बात सेना के रिटायर्ड मेजर जनरल अनुज माथुर ने राष्ट्रीय जागरण मंच रायपुर चैप्टर के मंच से कही। उन्होंने शुक्रवार को पुरानी बस्ती स्थित अग्रसेन भवन में आंतरिक सुरक्षा पर प्रभाव सेमीनार के नो मोर पाकिस्तान विषय पर मुख्य वक्ता के रूप में अपनी बात रखी। उन्होंने आगे कहा कि भारत के हिंदू-मुस्लिम के बीच हमेशा भाईचारा और देशप्रेम का भाव सदा से है। हिंदी फिल्म बैजू बावरा के गीत मन तड़पत हरि दर्शन को आज....गीत लिखने वाला, गाने वाला कलाकार मुस्लिम ही था, मीना कुमारी, दिलीप कुमार कौन थे, सब जानते हैं। ऐसे कई उदाहरण हैं, जो देश के अंदर भाईचारे की जीवंत मिसाल हैं। अंग्रेजों को मालूम था कि भारत समृद्ध और शक्तिशाली देश है, इसे अधिक समय तक कब्जे में नहीं रखा जा सकता। इसलिए अंग्रेजों ने सोवियत विस्तारवाद के मद्देनजर देश की विभाजन की कूटनीतिक चाल चली।



### नो मोर पाकिस्तान जरूरी

*मुख्य अतिथि गोलोक बिहारी राय सदस्य केंद्रीय संचालन समिति फैंस ने कहा कि पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद मानवता के प्रति अत्याचार हैं। बलूचिस्तान, सिंध, खैबर-पख्तूनख्वा अपनी अस्मिता के लिए संघर्षरत हैं। पाकिस्तान सरकार और सेना के विरुद्ध आवाज उठाने पर पचास हजार से अधिक बलूच लापता कर दिए गए हैं। पाकिस्तान लगातार लोकतंत्र तथा मानवीय मूल्यों का हनन कर रहा है, इसलिए नो मोर पाकिस्तान जरूरी है।*

### कार्यक्रम में ये हुए शामिल

इस अवसर पर डॉ. वर्णिका शर्मा अध्यक्ष छत्तीसगढ़ बाल संरक्षण आयोग एवं राष्ट्रीय महासचिव फैंस, डॉ. एनपी दीक्षित पूर्व कुलपति हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग, वीरेंद्र पांडे, डॉ. यूलेंद्र राजपूत, डॉ. अनामिका सिंह, डॉ. मनीष पांडे, ईला गुप्ता सहित बड़ी संख्या में शहर के नागरिक, विभिन्न महाविद्यालयों से आए हुए प्राध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।



### भारत के प्रति जनरेशन में भर रहे नफरत

रिटायर्ड मेजर जनरल ने कहा कि पाकिस्तान की मिलेट्री ही अपने वतन की सबसे बड़ी दुश्मन है, जो अपनी ही जनरेशन का ब्रेनवॉश कर उनमें भारत के प्रति नफरत भर रही है। यू कहें कि मां के पेट से ही बच्चों में झूठ और नफरत का बीज बोया जा रहा है। ऐसा करके पाकिस्तान अपने ही वतन के भविष्य को अंधकार में धकेल रहा है। यह स्पष्ट है कि पॉजिटीविटी से सक्सेज मिलेगी, इसकी गारंटी भले न हो, पर गारंटी है कि निगेटिविटी से फेलियर होना ही है। यही कारण है कि आज तक पाकिस्तान आर्मी कभी कोई युद्ध नहीं जीत पाई।

# यूपीएससी असिस्टेंट कमांडेंट भर्ती के लिए आवेदन शुरू, 9 जनवरी अंतिम तारीख

**रायपुर।** यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन की ओर से सीआईएसएफ असिस्टेंट कमांडेंट (एग्जीक्यूटिव) लिमिटेड डिपार्टमेंटल कॉम्पिटेटिव एग्जामिनेशन के लिए नोटिफिकेशन जारी कर आवेदन प्रक्रिया 3 दिसंबर से स्टार्ट कर दी गई है। जो भी अभ्यर्थी इस भर्ती के लिए पात्र हैं वे ऑनलाइन माध्यम से यूपीएससी ऑनलाइन पोर्टल upsconline.nic.in पर जाकर फॉर्म भर सकते हैं। ऑनलाइन एप्लीकेशन फॉर्म भरने की लास्ट डेट 23 दिसंबर 2025 निर्धारित है। ऑनलाइन एप्लीकेशन फॉर्म भरने के बाद अभ्यर्थी ऑनलाइन फॉर्म की कॉपी के साथ मांगे गए दस्तावेज अटैच करके 9 जनवरी 2026 तक निर्धारित पते- Director General, Central, Industrial Security Force, 13, CGO Complex, Lodi Road, New Delhi-110003 पर अवश्य जमा कर दें।

### आवेदन के लिए पात्रता एवं मापदंड





*इस भर्ती में शामिल होने के लिए अभ्यर्थी का मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से स्नातक उत्तीर्ण होना चाहिए। इसके साथ ही NCC 'B' या 'C' प्रमाण पत्र होना चाहिए। उम्मीदवारों की आयु 35 वर्ष से कम होनी चाहिए। उम्र की गणना 1 अगस्त 2026 को ध्यान में रखकर की जाएगी। पात्रता की विस्तृत डिटेल के लिए उम्मीदवार एक बार ऑफिशियल नोटिफिकेशन का अवलोकन अवश्य कर लें। नोटिफिकेशन में साझा की गई डिटेल के मुताबिक इस भर्ती के माध्यम से कुल 20 पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी। इसमें से जनरल के लिए 16 पद, एससी के लिए 3 पद, एसटी के लिए 1 पद आरक्षित हैं।*

# अर्पण दिव्यांग स्कूल में छात्रों को श्रवण यंत्र किए वितरित



**रायपुर।** अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल में विश्व दिव्यांग दिवस मनाया गया। स्कूल में इस दिन को प्रतिवर्ष दिव्यांग बच्चों के भविष्य, जिसमें उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष डॉ. नवीन बागरेचा के मुख्य आतिथ्य, प्रमोद दुबे पूर्व महापौर, डॉ. ऋतु वर्मा एवं ध्रुव अग्रवाल समाजसेवी की विशिष्ट उपस्थिति में आयोजित किया गया। इस मौके पर डॉ. राकेश पांडे ने बताया कि बच्चों की उत्तरोत्तर प्रगति, जिसमें जो बच्चे सुन नहीं पाते, उन्हें सुनने योग्य बनाने हेतु हर प्रकार के उपाय के साथ-साथ बच्चों को स्पीच थैरेपी का कोर्स लगातार कराया जा रहा है। इस प्रयास का सकारात्मक प्रभाव हुआ है कि लगभग 60% बच्चे अब बोलने एवं सुनने लगे हैं।

### हर दिव्यांग बच्चों को शिक्षित बनाने का संकल्प

*संस्था के अध्यक्ष प्रकाश शर्मा ने जानकारी दी कि लगातार 5 वर्षों से इस स्कूल के बच्चों की सभी प्रकार की कमियों को दृष्टिगत रख योजना तैयार करती है, जिसके चलते बच्चों को उत्कृष्ट भोजन के साथ-साथ उत्कृष्ट पढ़ाई एवं कॉम्पिटेटिव परीक्षा पास करने की टिप्स एक्सपर्ट के माध्यम से दी जा रही है। स्कूल के प्राचार्य कमलेश शुक्ला ने कहा कि विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर यह संकल्प लिया गया कि छत्तीसगढ़ के कोई भी दिव्यांग बच्चे शिक्षा से वंचित न रहे। इसलिए अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल लगातार इस दिशा में कार्य कर रही है।*

## गोंडवाना महोत्सव में चित्रकला प्रतियोगिता और म्यूजिकल नाइट

# तस्वीरों में दिखा छत्तीसगढ़ का गौरव बच्चों ने उकेरी पारंपरिक कला-वीरता

कार्नर न्यूज



**रायपुर।** बीटीआई ग्राउंड में शुक्रवार शाम गोंडवाना महोत्सव में चित्रकला प्रतियोगिता और म्यूजिकल नाइट का आयोजन हुआ। बच्चों ने ऑपरेशन सिंदूर, छत्तीसगढ़ की कला और संस्कृति को अपने रंगों से कैनवास पर उतारा। वहीं म्यूजिकल नाइट में कलाकारों ने बॉलीवुड के सदाबहार गीतों से माहौल को सुरमयी बना दिया। शहर के प्रख्यात सिंगर्स ने बेहतरीन प्रस्तुतियों से महफिल लूट ली। महोत्सव के आयोजक वैभव सिंह सिसोदिया और सौरभ सिंह सिसोदिया ने बताया कि मेला पूरी तरह निशुल्क है और रोज विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम व प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। लोकप्रियता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि प्रतिदिन हजारों लोग पहुंच रहे हैं। मेले में कला–साहित्य की झलक, हुनरमंद कारीगरों के स्टॉल, घरेलू उपयोग की वस्तुएं और मनोरंजन के कई जोन एक ही स्थान पर उपलब्ध हैं। लोग शॉपिंग के साथ कला और संस्कृति का भरपूर आनंद ले रहे हैं।





### म्यूजिकल ग्रुप की दमदार प्रस्तुति, झूमे श्रोता

गोंडवाना महोत्सव में म्यूजिकल नाइट ने श्रोताओं को सुरों की ऐसी दुनिया में पहुंचा दिया, जहां हर गीत ने दिल छू लिया। राज वर्मा ने "मेरे महबूब क़यामत होगी" पेश कर माहौल में रोमांस भर दिया। शैलेन्द्र नायक और जयश्री की जोड़ी ने "आजा शाम होने आई" से श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। अपूर्व शर्मा ने "आज शाम है मस्ताना" के साथ कार्यक्रम में ऊर्जा भर दी, जबकि बबलू पांडे की "हवाओं ने ये कहा" पर दर्शक थिरकते नजर आए। एक के बाद एक लोकप्रिय गीतों की प्रस्तुति ने शाम को दिलकश बना दिया और पूरा माहौल संगीत की मिठास में डूब गया।

### रंगों के माध्यम से भावनाओं को उकेरा

चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी कल्पनाशक्ति और कला कौशल से सबका दिल जीत लिया। प्रतियोगिता दो समूहों में हुई, जिनके विषय थे 'ऑपरेशन सिंदूर', छत्तीसगढ़ की संस्कृति और असम की संस्कृति। प्रतिभागियों ने ब्रश और रंगों के माध्यम से भावनाओं, परंपराओं और लोकजीवन को इतने सुंदर तरीके से उकेरा कि दर्शक मंत्रमुग्ध रह गए। बच्चों ने ऑपरेशन सिंदूर की पीड़ा, संघर्ष और वीरता को चित्रों में जीवंत किया, वहीं कई प्रतिभागियों ने छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को आधार बनाते हुए बस्तर की परंपराएं, लोकनृत्य और आदिवासी जीवन की झलक पेश की। उनकी सृजनात्मकता, रंग संयोजन और उत्साह ने पूरे माहौल को कला से सराबोर कर दिया। प्रतियोगिता का मूल्यांकन भानुप्रिया रेड्डी और श्वेता चौरे ने किया, जिन्होंने बच्चों की प्रतिभा और कल्पनाशक्ति की सराहना की।

**धर्म लाइव**

## स्वामीनारायण मंदिर में कल मनेगा भव्य अन्नकूट उत्सव



रायपुर। शहर के देवेंद्र नगर सेक्टर-2 स्थित बीएपीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर में भक्त समाज उत्सव का हिस्सा बनेगा। इस साल मंदिर स्थापना के रजत जयंती वर्ष में भगवान के समक्ष भव्य अन्नकूट उत्सव का आयोजन किया जाएगा। रविवार को बीएपीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर में सुबह 10 बजे से भक्तिमय माहौल बनने वाला है। यहां पर अन्नकूट थाल गान और आरती सुबह 11 बजे की जाएगी। मंदिर प्रबंधन से प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुबह 11 से 3 बजे तक अन्नकूट का दर्शन लाभ लोग ले सकते हैं। इसमें संस्था से जुड़े सैकड़ों परिवार उत्सव में शिरकत करने वाले हैं। इसे देखते हुए आयोजन को सफल बनाने तैयारी शुरू की गई है।

### प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के बाद अब अन्नकूट उत्सव

इस उत्सव को यादगार बनाने के लिए सुबह से साधु-संतों के साथ ही भक्तों की भीड़ रहेगी। मंदिर से जुड़े संजय पटेल ने बताया कि दीपावली के समय मंदिर का जीर्णोद्धार चल रहा था। इसके चलते पारंपरिक अन्नकूट उत्सव नहीं मनाया गया। कुछ दिनों पहले मंदिर में पुनः प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के बाद अब अन्नकूट उत्सव की परंपरा रविवार को निभाई जाएगी। उत्सव में शामिल होने वाले भक्त परिवारों के लिए भोग-प्रसादी का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए सेवकों ने अपने दायित्व को पूरा करने टीमवर्क करना शुरू किया है। उत्सव के मौके पर मंदिर का साज-श्रृंगार आकर्षण का केंद्र होगा।

**समाज लाइव**

## ठंड से राहत दिलाने युवा जरूरतमंदों तक पहुंचा रहे कंबल और गर्म कपड़े



रायपुर। संस्था अवाम-ए-हिंद सोशल वेलफेयर से जुड़े युवाओं ने मिलकर खुले आसमान के नीचे रात बिताने वाले लोगों के बीच राहत देने के लिए कंबल और गर्म कपड़े बांटने निकलने लगे हैं। संस्था प्रमुख मो. सज्जाद खान के साथ ही मेंबर्स भी रामनगर स्थित बस्तियों के जरूरतमंदों और वृद्धजनों को गर्म कपड़े बांटना शुरू किया है। अस्पतालों में दूरदराज से मरीजों का इलाज कराने के लिए आने वाले परिजनों को राहत देने के लिए गर्म कपड़े और कंबल दिए जा रहे हैं। इस संदर्भ में संस्था के जुबैर खान ने बताया कि 28 वर्षों से की जा रही सेवाभावी पहल को जारी रखते हुए युवा जरूरत के वक्त सहयोग की भावना से पहुंच रहे हैं।

### फुटपाथ पर जिंदगी जीने वाले लोगों की सेवा

विपरीत परिस्थितियों में मानव जीवन को सुरक्षित रखने के लिए संस्था अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए आगे बढ़ रही है। संस्था द्वारा रात्रिकालीन ठंड और शीतलहर से बचाने के लिए पहल शुरू की गई है। अस्पताल, धार्मिक स्थलों के आसपास ही नहीं, मोहल्ले और बस्तियों के साथ फुटपाथ पर जिंदगी जीने वाले लोगों को गर्म कपड़े, कंबल, शॉल, स्वेटर का वितरण करते हुए सेवा दी जा रही है। लोगों के बीच सहयोग की भावना से राजेंद्र शर्मा, महावीर जैन, फराज खान, कुलविंदर सिंह सेवा देने पहुंच रहे हैं। उनसे चर्चा करते हुए ठंड से जीवन बचाने के लिए गर्म कपड़े के साथ भोजन भी उपलब्ध करा रहे हैं।

**सिटी इवेंट**

## मिट्टी है जीवन की जड़, उपजाऊ मृदा हमारी अगली पीढ़ी की सबसे बड़ी पूंजी



रायपुर। मृदा दिवस के अवसर पर 'मिट्टी परीक्षण कार्यशाला और विविध कार्यक्रमों' का प्रभावी आयोजन पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में किया गया। इस कार्यशाला में 75 से अधिक विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लेकर वैज्ञानिक मृदा परीक्षण की विधियों को सीखा। इस दौरान वक्ताओं ने उपजाऊ मिट्टी हमारी अगली पीढ़ी की सबसे बड़ी पूंजी है बताया। साथ ही मृदा के भौतिक और रासायनिक गुणों की वैज्ञानिक जानकारी देते हुए कहा कि 'मिट्टी केवल धूल नहीं, यह एक जीवित तंत्र है, जिसे समझना सभी के लिए आवश्यक है। इस दौरान विद्यार्थियों के मिट्टी की उर्वरकता को बढ़ाने प्रेक्टीकल कर दिखाया गया। जो बच्चों के लिए ज्ञानवर्धन सेशन रहा।कार्यक्रम में केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य उमाशंकर मिश्रा, प्रधानाध्यापक कमल सोनी, पूनम मिश्रा उपस्थित थे। कार्यशाला में उपस्थित अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ और पौधा देकर किया गया।

### मिट्टी की खुशबू में ही भविष्य की रेखाएं

तकनीकी सहायक स्वाति सिंह राजपूत ने परीक्षण प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रदर्शन करते हुए कहा कि 'मृदा परीक्षण किसान को सही उर्वरक प्रबंधन की दिशा देता है, जिससे उत्पादकता में उल्लेखनीय वृद्धि होती है। एडीओ मंजूषा सिंह ने कहा कि 'संतुलित पोषक तत्व प्रबंधन और मिट्टी की स्वास्थ्य कार्ड प्रणाली भविष्य की टिकाऊ कृषि का आधार है। डॉ. अजय आर्य ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मिट्टी की खुशबू में ही भविष्य की रेखाएं मिलती हैं, जो धरती को समझ ले, उसे हर मंजिल मिलती हैं। डॉ अजय ने कहा कि मिट्टी सिर्फ खेत की नहीं, हमारे चरित्र की भी नींव है।

**गांधी मैदान स्थित रंग मंदिर में कलावंत-2025 में चौथे सीजन का शानदार आगाज, प्रस्तुतियों ने बांधा समां**

# शास्त्रीय संगीत पर नृत्यांगनाओं की मनमोहक अदाओं से सजा 'कलावंत', सुर-ताल पर थिरके पांव



'पिया तोसे नैना लागे रे..., मेरे इश्क रंग है न्यारा..., तेरी काली अखियों..., मधुबन में राधिका नाचे रे, गिरधर की मुरलिया बाजे रे.., मोहे पनघट पे नंदलाल छेड़ गयो रे... जैसे गीतों पर शास्त्रीय नृत्य की बेजोड़ प्रस्तुति से कलावंत का पहला दिन उत्साह से सराबोर रहा। शुक्रवार को किसी ने भरतनाट्यम तो किसी ने कथक, ओडिसी, मणिपुरी, मोहिनीअट्टम की प्रस्तुति से दर्शक दीर्घा में बैठे लोगों से वाहवाही लूटी। यह सिलसिला सुबह 11 बजे से शुरू हुआ। इसमें बतौर प्रतिभागी शामिल होने के लिए इस बार भी पुणे, नागपुर, भिलाई, बालाघाट, दुर्ग, मुंबई के 400 प्रतिभागी शिरकत करने वाले हैं।'




रायपुर। गांधी मैदान स्थित रंग मंदिर में गीत-संगीत और नृत्य की तालीम ले रहे कला पारखी दर्शक दीर्घा में बैठकर इसका लुत्फ उठाने पहुंचे। इस बार भी युवा प्रतिभागियों को मंच देने के लिए गोविंद लीला कला कौशल के अध्यक्ष संतोष तिवारी के मार्गदर्शन में मंच साझा करने का अवसर दिया जा रहा है। इसमें शहर के कला प्रेमी उत्सव में दर्शक दीर्घा का हिस्सा बने। इस बार नेपाल और बाग्लादेश से भी प्रतिभागी शामिल होंगे। मंच संचालन करते हुए किरण साहू ने बताया कि पहले दिन नृत्य एवं वादन की 70 प्रस्तुतियों का सिलसिला रात 9 बजे तक चला। इसमें निर्णायक के रूप में उदित तिवारी, प्राण सांई, के. हरि प्रमुख रूप से मौजूद थे। इनके बीच मंजे हुए कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से दर्शकों के बीच पहचान बनाई।




### हर वर्ग को प्रस्तुति देने का दे रहे अवसर

विभिन्न शहरों के कला केन्द्रों में तालीम लेने वाले कलाकारों को नेशनल लेबल प्रतियोगिता से जोड़ने के लिए चौथे वर्ष भी गोविंद लीला कला कौशल द्वारा चार दिवसीय आयोजन किया जा रहा है। इस बार 400 प्रतिभागियों ने भाग लेने के लिए पंजीयन कराया है। सभी का स्वागत शाल भेंट करके किया गया। इस प्रोग्राम की संयोजन प्रतिभागियों को टोकन देकर किया जा रहा है। ताकि सब जूनियर 05-10 वर्ष, जूनियर 10 से 15 और सिनीयर वर्ग को 15 से 21 के एज ग्रुप में प्रस्तुति का अवसर दिया जा रहा है।

### संगीत व कला प्रेमियों को मिला माहौल

शास्त्रीय गीत व नृत्य के धुरंधरों ने राग, तान को बंदिशों में पिरोते हुए लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। इस क्रम में गिटार, तबला और की-बोर्ड पर प्रस्तुति देने के लिए मंच पर एक-एक करके आने के बाद सभी प्रतिभागियों ने कला प्रेमियों को गीत-संगीत और नृत्य से जहां बेहतर माहौल दिया, वहीं लोगों का मनोरंजन करने में भी कोई कसर नहीं छोड़ी। क्लासिकल नृत्य करते हुए प्रतिभागियों ने लाइट म्यूजिक और संगीत से सराबोर किया। किसी भी प्रतिभागी को नाम से नहीं बल्कि टोकन नंबर के तहत ही मंच मिला।



### पारदर्शिता रखते हुए दे रहे टोकन नंबर

आयोजन संस्था के अध्यक्ष श्री तिवारी ने बताया कि हर वर्ग के प्रतिभागियों को मंच देने के लिए आयोजन का हिस्सा बनने का अवसर दिया जा रहा है। रंग मंदिर में यह सिलसिला शनिवार, रविवार और सोमवार को भी जारी रहेगा। इसमें हर विधा के पारखी लोगों को निर्णायक बनाया है। कलाकारों को उनकी प्रस्तुति के आधार पर नंबर मिले। इसमें भी पारदर्शिता रखने के लिए प्रतिभागी के नाम की जगह उनके टोकन नंबर को ही प्राथमिकता दे रहे हैं, ताकि निर्णय पर भी संशय की स्थिति न बने। इसमें हर वर्ग के लोग शामिल हुए हैं।

## भविष्य निधि से रोजगार अवसर तक : विद्यार्थियों को मिली प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना की जानकारी



रायपुर। दिशा इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी में प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के तहत जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कर्मचारी भविष्य निधि संगठन , श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार और दिशा इंस्टीट्यूट के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नियोक्ताओं और कर्मचारियों को योजना के प्रावधानों व लाभों की विस्तृत जानकारी प्रदान करना था।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गौरव डोगरा, क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त-11, उपस्थित रहे। उनके साथ डॉ. अंशु शुक्ला, वाइस प्रेसिडेंट, दिशा एजुकेशन सोसाइटी, तथा डॉ. प्रियंक मिश्रा, प्राचार्य भी मौजूद थे।अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना रोजगार सृजन को बढ़ावा देने वाली महत्वपूर्ण सरकारी पहल है। इस योजना के अंतर्गत अधिकतम 1,00,000 तक मासिक वेतन पाने वाले नए कर्मचारियों को विशेष लाभ प्रदान किए जाते हैं। वक्ताओं ने स्पष्ट किया कि यह योजना जहां नई नियुक्तियों को सीधे लाभ देती है, वहीं कार्यबल की सामाजिक सुरक्षा और आर्थिक स्थिरता को भी मजबूत बनाती है।

## निशुल्क योग व चिकित्सा शिविर में माइग्रेन, नसों में खिंचाव को दूर करने दे रहे प्रशिक्षण



रायपुर। तालपुरी बी ब्लॉक के क्लब हाउस प्रांगण में पतंजलि योगपीठ के प्रशिक्षित साधकों द्वारा निःशुल्क योग और चिकित्सा शिविर लगाया गया है। यह शिविर शनिवार तक चलेगा। जिसमें प्रशिक्षित साधक योगासनों के साथ-साथ लोगों को एक्यूप्रेशर के माध्यम से शरीर के विभिन्न बिंदुओं पर उंगलियों और हथेलियों से दबाव डालकर दर्द, तनाव और अन्य लक्षणों से राहत दिलाने के साथ ही डायबिटीज, माइग्रेन, कमर दर्द, नसों में खिंचाव को दूर करने जैसे उपायों की भी जानकारी भी दे रहे हैं। इसके अलावा एक्यूप्रेशर चिकित्सा पद्धति से पेट साफ करने, गैस से मुक्ति दिलाने तथा अच्छी नींद लेने के तरीके भी सिखाए जा रहे हैं।

## दिव्यांगों के अधिकारों, शिक्षा, रोजगार और सामाजिक जीवन में न हो भेदभाव



रायपुर। दिव्यांग व्यक्ति के अधिकारों में शिक्षा, रोजगार और सामाजिक जीवन में समान अवसरों के साथ-साथ भेदभाव और शोषण से सुरक्षा को शामिल करने के उद्देश्य से शासकीय डॉ० वा० वा० पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के यूथ रेडक्रॉस के तत्वाधान में महाविद्यालय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों, गरिमा और कल्याण को बढ़ावा देने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। यह दिवस दिव्यांगों को समाज के सभी क्षेत्रों में उनकी स्थिति के बारे में जागरूकता बढ़ाने और उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़ने पर जोर देता है। प्राचार्य ने महाविद्यालय में दिव्यांगजनों को दी जानी वाली विशेष सुविधाओं की भी जानकारी दी। हिन्दी एवं राष्ट्री सेवा योजना प्रभारी डॉ० यशेश्वरी ध्रुव ने कहा कि दिव्यांगता से जुड़े मुद्दों के प्रति समझ और जागरूकता बढ़ाना एवं राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक जीवन के हर पहलू में दिव्यांगों के लिए समान अवसर देना जरुरी है। प्रभारी डॉ रेशमा लाकेश के अनुसार प्रधानमंत्री के सुझाव के बद 'विकलांग' शब्द की जगह 'दिव्यांग' शब्द चलन में आया है यानी 'दिव्य अंग' या विशेष क्षमता वाला व्यक्ति है। जिनको नीति में और कार्यक्रमों के माध्यम से सशक्त बनाने के लिए दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग से किया जाना है।

**इंडोर स्टेडियम में जारी दिव्य सत्संग महोत्सव के दूसरे दिन आचार्य सुधांशुजी महाराज के उद्गार**

# अभाव से नहीं स्वभाव से जीवन जिएं तो मिलेगी आत्मशांति, सद्कर्म और प्रेम का नाम ही भक्ति

**कार्नर न्यूज**

रायपुर। व्यक्ति अभाव से नहीं, स्वभाव से जीवन जिए तो आत्मशांति मिलेगी। इसके लिए सद्कर्म प्रेम की भावना से करना होगा, क्योंकि प्रेम का नाम ही भक्ति है। इंडोर स्टेडियम में आयोजित दिव्य सत्संग महोत्सव की श्रृंखला में आचार्य सुधांशुजी महाराज श्रोताओं से जुड़े। विश्व जागृति मिशन रायपुर मंडल के स्थापना का यह रजत जयंती वर्ष होने से दिव्य भक्ति सत्संग महोत्सव मनाया जा रहा है, जो माता कौशल्या का मायका, भगवान श्रीराम का ननिहाल, देवियों का गढ़ है। ऐसे छत्तीसगढ़ के बूढ़ापारा क्षेत्र में सत्संग करना भी सौभाग्य की बात है। दिव्य भक्ति सत्संग की श्रृंखला में दूसरे दिन राजस्व एवं आपदा मंत्री टंकराम वर्मा सत्संग में गुरुदेव सुधांशुजी महाराज का सरकार की ओर से स्वागत करते हुए आशीर्वाद लेने के बाद श्रोताओं के बीच मौजूद रहे। पूर्व आईएएस अधिकारी एसके तिवारी ने भी महाराज से आशीष लिया।



### सुखीराम जहां बैठे हैं गाते सुख के गीत

वर्तमान अशांत वातावरण में अगर भक्ति से आत्मशांति मिल रही है तो समझ लीजिए भगवान से जुड़ाव है। अगर शांति से जिंदगी को जीना शुरू करना चाहते हैं तो जीने की कला सीखनी होगी। संसार में सबकुछ मिल जाएगा। आपको पैसे मिल जाएंगे, मेहनत से सबकुछ मिल जाएगा। खुशी के लिए उसे जिंदगी का स्टाइल बनाना पड़ता है। उसके लिए आपको एक्सपोर्ट करना पड़ता है। जो लोग एफर्ट नहीं लगाएंगे, उनको कुछ प्राप्त नहीं होगा। कुछ लोग हैं दुखीराम, जिंदगी भर दुखी रहते हैं, कहीं भी बैठ जाएंगे, दुख के गीत गाते हैं। संसार में कुछ होते हैं सुखी राम, जहां बैठे हैं, सुख के गीत ही गाते हैं।

### जितना भगवान से दूर होंगे, उतने अशांत रहेंगे



भक्ति सत्संग में भक्तों से ध्यान एवं योगगुरु डॉ. अर्चिका दीदी ने कहा कि अपने जीवन में सदैव खुश रहने की आदत डालें। हर पल सकारात्मक विचारों से जुड़ें। पवित्र वातावरण में रहते हुए हर पल परमात्मा का धन्यवाद करते रहें। साथ ही उनकी कृपा को महसूस करें। योगगुरु ने कहा कि सबका भला हो और मंगल हो, यह प्रार्थना मैं परमात्मा से करती हूं। डॉ. अर्चिका ने कहा कि सभी के लिए अच्छा सोचें और सनातन संस्कृति से लोगों को जोड़ते हुए सत्संग में आने के लिए प्रेरित करें। इस प्रयास से लोगों का आंतरिक विकास होगा। जितना भगवान से दूर होंगे, उतने अशांत होंगे, जितना उनसे जुड़ेंगे, उतने ही हम शांत होंगे।

## सिटी स्पोर्ट्स

### दिव्यांगजनों ने लिया वनडे क्रिकेट मैच का आनंद



**रायपुर।** शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में भारत विरुद्ध दक्षिण अफ्रीका वनडे क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। 3 दिसंबर को ही अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर दिव्यांग जनों को उक्त मैच में विशेष रुप से आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा उनके लिए विशेष व्यवस्था की गयी।

### आरके अकादमी की चार विकेट से जीत



**भिलाई।** गोविंद चौहान क्रिकेट एकेडमी एवं एनसीए के संयुक्त तत्वावधान में कल्याण कॉलेज सेक्टर-7 के मैदान में अंडर-19 एक दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता में दर्शकों को शानदार मैच देखने को मिला। आयोजक विराज चौहान ने बताया कि शुक्रवार को आर के क्रिकेट एकेडमी एवं गोविंद चौहान क्रिकेट एकेडमी एवं एनसीए की संयुक्त टीम के मध्य मैच खेला गया। जिसे आरके अकादमी ने चार विकेट से जीत लिया। इस मैच के प्लेयर ऑफ़ द मैच आरके अकैडमी के कप्तान हर्ष सूचक रहे। बल्लेबाजी में संयुक्त टीम 277 रन पर आउट हो गई। इनमें नीलांचल ने 123 रन बनाएं, वहीं आदर्श निषाद ने 58 रन बनाए। इन दोनों के मध्य पहले विकेट के लिए 193 रनों की साझेदारी हुई। कप्तान हिमेश कुमार ने 19 रन और ऋषिक ने नॉट आउट 11 रन बनाए। गेंदबाजी में आरके अकादमी के वैभव नायक ने 4 विकेट, रुद्र प्रताप सिंह ने तीन विकेट और देव मांडले ने दो विकेट लिए, वहीं एक खिलाड़ी रन आउट हुआ। बल्लेबाजी में आर के अकैडमी 6 विकेट पर 279 रन बनाए। कप्तान हर्ष सूचक ने नॉट आउट 117 रन बनाएं। इनमें देवांश पाटिल ने 42 रन, सम्यक सिंह ने 19 रन, सक्षम सिन्हा ने 18 रन और अनंत गुप्ता ने 17 रन बनाए। गेंदबाजी में संयुक्त टीम के ऐश्वर्या कुर्रे ने दो विकेट, कृति वास चौहान , हंसराज एवं आयुष यादव ने एक-एक विकेट लिए। एक खिलाड़ी रन आउट हुआ। मैच के अंपायर हिमाचल साहू एवं नुगेश्वर डहरिया तथा स्कोरर अभिजीत एवं विनोद देवघरे थे।

### राष्ट्रीय प्रतियोगिता से लौटे छत्तीसगढ़ के तीरंदाज



**रायपुर।** सब जूनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी की प्रतियोगिता ईटानगर अरुणाचल प्रदेश में आयोजित की गई। उक्त प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ प्रदेश आर्चरी एसोसिएशन के तीरंदाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। रायपुर लौटने पर तीरंदाजों और कोच का रेलवे स्टेशन पर शॉल श्रीफल और मफलर पहना कर छत्तीसगढ़ तीरंदाजी संघ से कैलाश मुरारका ने स्वागत किया। टीम के कुछ सदस्य बिलासपुर, कोरबा में उतरे और बाकी टीम रायपुर आई।

### जंबूरी में शामिल हुए छत्तीसगढ़ के स्काउट-गाइड



**रायपुर।** 19वीं राष्ट्रीय जंबूरी लखनऊ में विभिन्न कार्यक्रमों में रायपुर रेल मंडल भारत स्काउट एवं गाईड के 51 स्काउट, गाइड लीडर्स ने भाग लिया। जिला आयुक्त स्काउट एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी ने 19वीं राष्ट्रीय जंबूरी में सम्मिलित बच्चों से मुलाकात कर उनके अनुभव के बारे में जानकारी ली जिला के आगामी कार्यक्रमों एवं आगे की स्काउटिंग गतिविधियों पर भी चर्चा की।

### उम्र के इस मोड़ पर सेहत को लेकर सावधानी बरतनी जरूरी

# 40 पार की जादुई आदतें अपनाएं तो कायम रहेगी आपकी तंदुरुस्ती, आसपास भी नहीं भटकेगी बीमारी

अक्सर ये देखने को मिलता है कि 40 की उम्र के बाद लोगों को कई तरह की स्वास्थ्य समस्या होने लगती हैं। ऐसा होना हमारे समाज में बहुत आम माना जाता है, लेकिन आप कुछ सावधानियां बरत कर इस समस्या को टाल सकते हैं।

जीवन में 40 की उम्र क्रॉस करना हमारे स्वास्थ्य के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण मोड़ होता है। इस उम्र के बाद शरीर का मेटाबॉलिज्म धीमा होने लगता है, मांसपेशियों का नुकसान शुरू होता है, और पुरानी बीमारियों के उभरने का जोखिम भी तेजी से बढ़ जाता है। इसलिए अगर आप लंबी, स्वस्थ और सक्रिय उम्र व्यतीत करना चाहते हैं, तो केवल अच्छी सेहत की कामना करने से काम नहीं चलेगा।

40 की उम्र पार कर चुके लोगों को अपने दैनिक दिनचर्या में कुछ वैज्ञानिक और अनुशासनिक आदतें शामिल करना अनिवार्य है। ये आदतें न केवल आपको बीमारियों से बचाएंगी, बल्कि आपकी एनर्जी लेवल को बनाए रखने और बुढ़ापे की प्रक्रिया को धीमा करने में भी मदद करेंगी। लंबी उम्र का रहस्य किसी महंगी दवा या सप्लीमेंट में नहीं, बल्कि आपकी नींद की क्वालिटी, शारीरिक सक्रियता और आपके आहार की पसंद में छिपा है। इसलिए आइए इस लेख में जानते



हैं कि लंबी उम्र के लिए अपने जीवन में क्या और कैसे बदलाव लाना जरूरी है।

### 7-9 घंटे की गहरी नींद जरूर लें

हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार 40 की उम्र के बाद, 7 से 9 घंटे की क्वालिटी नींद लेना आपके अच्छे स्वास्थ्य के लिए बहुत जरूरी है। नींद के दौरान ही शरीर हार्मोन का संतुलन बनाता है, क्षतिग्रस्त कोशिकाओं की मरम्मत करता है और मस्तिष्क खुद को डिटॉक्स करता है। कम नींद कोर्टिसोल (तनाव हार्मोन) को बढ़ाती है, जिससे वजन बढ़ता है और हृदय रोग का जोखिम भी बढ़ने लगता है। हर 7-9 घंटे की नींद लेना बहुत जरूरी है।

### गतिहीन जीवनशैली से बचें और व्यायाम करें

एक ही जगह पर बैठे रहना (गतिहीन जीवनशैली) किसी भी उम्र के लोगों के सेहत के लिए बहुत खतरनाक हो सकता है। खासकर 40 की उम्र के बाद, हमारी मांसपेशियां तेजी से कमजोर होने लगती हैं। इस नुकसान को रोकने के लिए, रोजाना 30 मिनट का हल्का व्यायाम



(जैसे तेज चलना या योग) जरूर करें। यह साधारण कसरत मांसपेशियों को मजबूत बनाए रखती है, शरीर का मेटाबॉलिज्म (पाचन और ऊर्जा) तेज करती है, और आपके हृदय को पूरी तरह स्वस्थ रखने मदद करती है।

### अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड्स से पूरी तरह परहेज करें

अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड्स में मौजूद अत्यधिक चीनी, नमक और अनहेल्दी फैट शरीर में सूजन पैदा करती है,



जो बुढ़ापे और बीमारियों का मूल कारण है। 40 की उम्र के बाद इन फूड्स को डाइट से हटाकर, ताजे फल, सब्जियां और साबुत अनाज पर दिनचर्या में शामिल करें।

### बीमार पड़ने का इंतजार न करें चेकअप कराएं

विशेषज्ञों के अनुसार 40 की उम्र के बाद अधिकांश पुरानी बीमारियां दबे पांव शुरू होने लगती हैं। इसलिए बीमार पड़ने का इंतजार न करें। अपनी उम्र के हिसाब से जरूरी नियमित स्वास्थ्य जांच जंरूर कराएं। हाई बीपी, कोलेस्ट्रॉल और ब्लड शुगर की जांच कराते रहें। समय पर निदान होने पर, किसी भी बीमारी को शुरुआती चरण में ही नियंत्रित किया जा सकता है।



# योग कीजिए, लेकिन गलतियां की तो पड़ सकती हैं भारी

हम खुद को स्वस्थ रखने के लिए क्या कुछ नहीं करते। अच्छा आहार लेते हैं, जिम जाते हैं, सुबह जल्दी उठते हैं और रात को समय पर सोते हैं और योग भी करते हैं आदि। बात अगर योग की करें, तो बीते कुछ सालों में योग के प्रति लोगों की रूचि काफी बड़ी है।

जहां एक तरफ कई लोग अपने घरों पर ही योग करते हैं, तो कई लोग योगा टीचर से योग करना सीखते हैं। वहीं, योग करने से हमारे शरीर को लाभ भी मिलता है और हमारा शरीर फिट रहता है। वहीं, इन सबके बीच अगर आप योग करना शुरू कर रहे हैं, तो आपके लिए कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी हो जाता है। अगर आप ऐसा नहीं करते हैं, तो आपको इसका नुकसान भी उठाना पड़ सकता है। योगासन करते समय कौन-कौन सी बातों का ध्यान रखना चाहिए आपको इसके बारे में मालूम होना चाहिए।

### वक्त का ध्यान रखें

योग करने का एक समय होता है। दोपहर या रात के



समय योग नहीं करना चाहिए। दरअसल, योग करने का सबसे सही समय ब्रह्म मुहूर्त को माना जाता है क्योंकि इस समय एक तो नींद लेने के बाद शरीर काफी रिलेक्स होता है और दूसरा पेट भी हल्का होता है। इसलिए समय का ध्यान रखना चाहिए।

### पानी जरूर पीजिए


आप अगर योग कर रहे हैं, तो ध्यान रखें की इस दौरान पानी पिएं। योग करते समय शरीर में धीरे-धीरे उष्मा का स्तर बढ़ता है। ऐसे में अगर कोई ठंडे पानी का सेवन कर ले, तो उष्मा के स्तर में तेजी से गिरावट हो सकती है। साथ ही इससे एलर्जी, जुकाम और कफ की समस्या हो सकती है। इसलिए योग करने के 15 मिनट बाद ही पानी पिएं।

### नियमित योग करें

कई लोग सोचते हैं कि हमने आज योग कर लिया, तो हमें इसका लाभ कल से ही मिलने लगेगा। ऐसे में वो कुछ दिन योग करने के बाद सोचते हैं कि इसका कुछ फायदा नहीं हो रहा और वे योग करना छोड़ देते हैं। जबकि योग का असर धीरे-धीरे करके और लंबे समय तक दिखाई देता है।

### जल्दबाजी कभी नहीं

कई लोग योग तो करते हैं, लेकिन जल्दबाजी में। जबकि, ऐसा नहीं करना चाहिए। दरअसल, योग से आपको मानसिक तौर पर जुड़ना पड़ता है। योग करते वक्त पूरा समय दें और पूरी चेतना के साथ इसका अभ्यास करें। इसके बाद ही आपको पूरी तरह इसका लाभ मिल सकता है।



# रविवार के दिन जरूर करें ये खास उपाय, खुल जाएंगे बंद किस्मत के ताले



रविवार का दिन ग्रहों के राजा सूर्य देव को समर्पित है। इस दिन सूर्य देव की पूजा-अर्चना की जाती है। इनकी कृपा से ही व्यक्ति को जीवन में सुख, समृद्धि और मान सम्मान की प्राप्ति होती है।

### रविवार के दिन करें ये उपाय

रविवार के दिन सूर्य देवता अर्घ्य जरूर दें। साथ ही अर्घ्य देते हुए 'ॐ सूर्याय नमः ॐ वासुदेवाय नमः ॐ आदित्य नमः' मंत्र का उच्चारण करें। इससे सूर्य देव प्रसन्न होते हैं।

रविवार के दिन लाल चंदन का तिलक लगाकर घर से बाहर निकलें। ऐसा करने से आप जिस भी काम के लिए बाहर जा रहे हैं, वो जरूर पूरा होता है। इसके साथ ही रविवार के दिन लाल रंग का वस्त्र पहनना भी बहुत शुभ माना जाता है।

घर के मुख्य दरवाजे के दोनों तरफ देसी घी का दीपक जलाएं। इस उपाय से सूर्य देव के साथ-साथ मां लक्ष्मी भी प्रसन्न होती हैं। रविवार को सूर्य देवता को प्रसन्न करने के लिए गुड़, दूध, चावल और कपड़े का दान करें। इससे सूर्य देव प्रसन्न होंगे और सभी काम में आपको सफलता मिलेगी। वहीं किसी मनोकामना को पूरी करने के लिए रविवार के दिन बरगद के पेड़ का पत्ता लेकर आएं और पत्ते पर अपनी मनोकामना लिखकर इसे बहते जल में प्रवाहित कर दें। वहीं यदि आप जीवन में सुख-समृद्धि और यश पाना चाहते हैं तो रविवार के दिन पीपल के पेड़ के नीचे आटे का एक चौमुखी दीपक जलाएं। उसमें सरसों के तेल का उपयोग करना चाहिए। यदि आप धन और ऐश्वर्य प्राप्त करना चाहते हैं तो रविवार की रात सोते समय अपने सिरहाने एक गिलास दूध का भर कर सोएं। फिर अगली सुबह उठकर वह दूध बबूल के पेड़ की जड़ में डाल दें। ऐसा करने से आपको धन और ऐश्वर्य की प्राप्ति होगी।

# बिना मैदे के तैयार करें ब्राउनी आसान है इसे बनाने का तरीका



ज्यादातर हर किसी को ब्राउनी पसंद होती है, लेकिन अगर उसमें मैदा होने की वजह से लोग उसका सेवन ज्यादा नहीं करते। ऐसे में आपके लिए बिना मैदे की ब्राउनी एकदम परफेक्ट विकल्प है। ये ब्राउनी न सिर्फ खाने में बेहद मुलायम होती है, बल्कि इसे बनाना भी काफी आसान है। अगर आप घर पर ही बिना मैदे की ब्राउनी बनाना चाहते हैं तो सबसे पहले तो ओवन को 180सेंटीग्रेड पर प्रीहीट कर लें। इसके बाद एक बाउल में पिघली चॉकलेट और मक्खन मिलाएं। अब उसमें चीनी, अंडे/दही और वनीला डालकर अच्छी तरह फेंटें। इसके बाद पिसे ओट्स, कोको पाउडर और नमक मिलाकर स्मूद बैटर तैयार करें। बैटर को ग्रीस की हुई ट्रे में डालें और 20–25 मिनट बेक करें। ठंडा होने पर काटकर सर्व करें; आपकी हेल्दी, फज़्ज़ी ब्राउनी तैयार है। इसे आप कितनी भा खा सकते हैं, क्योंकि इसमें मैदा नहीं है।

### सही विकल्प चुनें


बिना मैदे की ब्राउनी में टेक्सचर पूरी तरह इस बात पर निर्भर करता है कि आप मैदे की जगह क्या इस्तेमाल कर रहे हैं। ओट्स पाउडर ब्राउनी को हल्का और स्पंजी बनाता है, जबकि बादाम का आटा उसे रिच और थोड़ी फज़्ज़ी बनावट देता है। इसलिए किसी एक को चुनें और उसे बारीक पाउडर रूप में इस्तेमाल करें।

### बैटर को ज़्यादा न फेंटें

सामान्य ब्राउनी की तरह इस रेसिपी में भी बैटर को ज्यादा फेंटना सबसे बड़ी गलती है। ओवर-मिक्सिंग से हवा ज़्यादा भर जाती है और ब्राउनी हार्ड या ड्राई हो सकती है। जैसे ही सारी सामग्री अच्छे से मिल जाए, वहीं रोक दें। हल्का गाढ़ा और स्मूद बैटर परफेक्ट ब्राउनी का संकेत है।

### बेकिंग टाइम और कूलिंग दोनों का ध्यान रखें

बिना मैदे वाली ब्राउनी जल्दी पकती है, इसलिए ओवरबेक होने पर उसका फज़्ज़ी टेक्सचर खराब हो जाता है।















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## बिना चेहरा दिखाए और बिना एक शब्द बोले इस कलाकार ने दर्शकों में पैदा कर दिया था खौफ



हॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री में कई ऐसे सितारे हुए हैं जिन्हें अपने रियल चेहरे से अधिक किरदार की वजह से लोगों का प्यार मिला है। ऐसे ही एक एक्टर हैं हॉलीवुड के वो कलाकार हैं जिन्हें उस किरदार से पहचान मिली जो नकाब के पीछे छिपा हुआ हर भाव सिर्फ शरीर की हलचल, चाल से दिखाया और उनकी आवाज उनके पास नहीं थी। ऐसे ही एक एक्टर रहे हैं हॉलीवुड के डेविड प्राउज हैं, एक ऐसे ब्रिटिश एक्टर जिन्होंने कई फिल्मों में काम किया लेकिन एक किरदार ने उन्हें शोहरत की बुलंदियों पर पहुंचा दिया। कहानी में ट्विस्ट ये था कि उनका ये हिट किरदार कभी पर्दे पर नजर ही नहीं आया। न पर्दे पर उनका चेहरा दिखा और न ही उनकी आवाज सुनी गई, लेकिन उनकी मौजूदगी ने सिनेमा के सबसे आइकॉनिक विलन डार्थ वाडर को जीवंत बना दिया। 1 दिसंबर 2020 को उनका निधन हुआ और उनके साथ फिल्म इतिहास का एक अनोखा अध्याय भी शांत हो गया।

डेविड प्राउज की कहानी उतनी ही दिलचस्प है जितनी रहस्यमयी। उनका जन्म 1935 में इंग्लैंड में हुआ था और बचपन से ही उनकी ऊंचाई, कद-काठी और शारीरिक शक्ति उन्हें भीड़ से अलग करती थी। उन्होंने बॉडी बिल्डिंग में नाम कमाया और 'मिस्टर यूनिवर्स' जैसी प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। यही कद-काठी उन्हें आगे फिल्मों तक पहुंचा पाई।

साल 1977 में जब जॉर्ज लुकास स्टार वार्स बना रहे थे, उन्हें एक ऐसे कलाकार की जरूरत थी जो पर्दे पर लंबा, प्रभावशाली और डर पैदा करने वाला लगे...और यही वो पल था जिसने डेविड प्राउज की किस्मत बदल दी।

### टॉलीवुड

## पल्लवी ने 'कलैमामणि अवॉर्ड' के साथ शेयर की दादा-दादी की तस्वीर



अभिनेत्री साई पल्लवी इन दिनों अपनी पहली बॉलीवुड फिल्म 'रामायण भाग 1' को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। कई फिल्मों में बेहतरीन अदाकारी के लिए साई को 'कलैमामणि अवॉर्ड' दिया गया। साई ने इस सम्मान के मिलने पर एक पोस्ट सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर कर अपनी खुशी जताई है। साई पल्लवी ने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपने दादा और दादी के साथ तस्वीर शेयर की, जिसमें वे पुरस्कार का प्रमाणपत्र पकड़े नजर आ रही हैं। इसके अलावा साई ने तमिलनाडु मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के साथ भी तस्वीरें शेयर कीं। इस पोस्ट के साथ साई ने कैप्शन में लिखा, 'कलैमामणि पुरस्कार मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान है। मैं बचपन से इस नाम को सुनती आई हूं। तमिलनाडु सरकार, मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और टीएन इयाल इसाई नादगा मंद्रम को धन्यवाद। यह पोस्ट एक महीने देर से इसलिए डाली, ताकि मैं अपने परिवार के साथ फोटो ले सकूं।' कलैमामणि पुरस्कार तमिलनाडु राज्य के कला और संस्कृति में उत्कृष्टता प्राप्त करने वाले कलाकारों को उनकी उपलब्धियों के लिए दिया जाता है। यह पुरस्कार साहित्य, संगीत, नाटक, नृत्य और चित्रकला जैसे विभिन्न क्षेत्रों में स्थायी योगदान और महारत को सम्मानित करता है। साई पल्लवी निर्देशक नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायण' में नजर आएंगी। इस फिल्म में वह माता सीता का किरदार निभाएंगी। फिल्म 'रामायण' को दो भागों में रिलीज किया जाएगा। फिल्म का पहला भाग दिवाली 2026 को रिलीज हो सकता है। यह साई की पहली बॉलीवुड फिल्म है। इस फिल्म में साई के अलावा रणबीर कपूर (भगवान राम) और सनी देओल (हनुमान) के रोल में नजर आएंगे।

### भोजपुरी

## 'सरकल ओढ़निया सीना से' ने मचाया धमाल, फैंस बोले- 50 मिलियन पक्का



प्रमोद प्रेमी यादव और रक्षा गुप्ता का नया गाना 'कजरवा जब करेलु' रिलीज होने के साथ ही हिट साबित हुआ है। इस नए भोजपुरी गाने को देख सुनकर फैंस तारीफ कर रहे हैं। कह रहे हैं कि इसे 50 मिलियन व्यूज तो पक्का मिलेंगे। भोजपुरी म्यूजिक इंडस्ट्री के हरफनमौला सिंगर प्रमोद प्रेमी यादव का नया रोमांटिक डांस ट्रैक 'कजरवा जब करेलु' रिलीज हो गया है। दिलचस्पस बात यह है कि यूट्यूब पर रिलीज के कुछ ही घंटों में इस गाने ने धूम मचा दी है। इसे एक ओर जहां चंद घंटों में ही 1.23 लाख व्यूज मिल गए हैं, वहीं करीब पांच हजार लाइक्स और 270 से अधिक कॉमेंट्स ने माहौल रूमानी बना दिया है। गाने के वीडियो में प्रमोद प्रेमी के साथ रक्षा गुप्ता की जोड़ी की फैंस जमकर तारीफ कर रहे हैं। गाने को जहां प्रमोद प्रेमी यादव ने अकेले ही गाया है, वहीं इसका संगीत छोटू बंटी ने दिया है। गीत के बोल रवि यादव ने लिखे हैं। म्यूरिजक वीडियो के डायरेक्टर पवन पाठक और रौनक राउत हैं। गाना रूमानी है और इसकी शुरुआत एकदम झन्ना टेदार अंदाज में होती है। प्रमोद प्रेमी कहते हैं कि जब से रक्षा गुप्ता की ओढ़निया सीने से सरकी है, तब से ही वह पागल हो गए हैं। वह यह भी कहते हैं कि काली काली अंखियों से रक्षा कत्ल करने का हुनर रखती हैं। खासकर तब से जब से उन्हों ने आंखों में काजल लगाया है। मेकर्स ने 'सारेगामा हम भोजपुरी' चैनल पर गाना रिलीज करते हुए यूट्यूब पर डिस्क्रिप्शन में लिखा है।

## रहनुमा लहंगा



अगर आप अपनी अगली पार्टी में गरारा या अनारकली पहनने में इंटरेस्टेड नहीं हैं, तो सबसे खूबसूरत ड्रेस-रहनुमा लहंगा खरीदने के बारे में सोचें। यह एलिगेंट लहंगा किसी भी खास मौके के लिए परफेक्ट है। लग्ज़री वीगन सिल्क फैब्रिक से बना यह शानदार लहंगा पहनने में सॉफ्ट और आरामदायक है। इस आउटफिट में स्कर्ट, ब्लाउज और दुपट्टा सहित तीन पीस हैं स्कर्ट पर खूबसूरत पैज़ली पैटर्न और ब्लाउज पर पोल्का डॉट पैटर्न आपको गॉर्जियस लुक देगा।

## आसानी से बनेगा हरी कांच की चूड़ियों का डिजाइनर सेट

फैशन के गलियारों में आजकल हरे रंग का ट्रेंड काफी जोर-शोर से पसंद किया जा रहा है। आप बहुत ही कम कीमत में हरी चूड़ियों का डिजाइनर सेट बाजार से अपने लिए बनवा सकती हैं। वेलवेट का ट्रेंड आजकल काफी फैशन में है और कपड़ों से लेकर हाथों की चूड़ियों तक में यह ट्रेंड देखने को मिल रहा है। आप वेलवेट वाली हरी चूड़ियों के साथ फूल वाले कड़ों को क्लब कर सकती हैं।

इस तरह के कड़ों में आपको एक नहीं बल्कि ढेरों वैरायटी मिल जाएंगी। आपको बाजार में इस तरह के कड़े 50 रुपये जोड़े से लेकर 200 रुपये जोड़े तक मिल जाएंगे। अगर आपको कॉम्बिनेशन में डिजाइनर चूड़ियां लगानी हैं, तो आप गोल्डन, सिल्वर या फिर कॉपर चूड़ियां भी उसके साथ लगा सकती हैं।

आजकल बाजार में रेशम के धागों वाला चूड़ी सेट भी खूब देखने को मिल रहा है। इसमें आपको स्टोन वर्क और गोटा वर्क वाली चूड़ियां भी मिल जाएंगी। इसमें आपको मिरर वर्क में भी डिजाइनर चूड़िया मिल जाएंगी। आप इन्हें किसी और रंग की धागों वाली चूड़ियों के साथ कैरी कर सकती हैं या फिर आप इन्हें डिजाइनर कड़ों के साथ क्लब करके पहन सकती हैं। इस बात का ध्यान रखें कि आपको इसके साथ मेटल वाले या फिर स्टोन वर्क वाले कड़े नहीं क्लब करने हैं क्योंकि इसमें धागे फंस सकते हैं और आपके कड़े खराब हो सकते हैं। आपको बाजार में 200 रुपये दर्जन से लेकर 500 रुपये दर्जन के हिसाब से इस तरह की चूड़ियां मिल जाएंगी।

### हाथों में सजाएं ऐसे

आप विभिन्न डिजाइनों के साथ हरे कांच की चूड़ियों का सेट बना



सकते हैं, जैसे कि लाल और सोने की चूड़ियों के साथ एक पारंपरिक संयोजन या सादे कांच की चूड़ियों का एक सरल सेट। एक आकर्षक लुक के लिए, आप सादी हरी चूड़ियों के साथ एक या दो चमकदार या सोने की चूड़ियां मिला सकते हैं। अपनी कलाई के आकार के अनुसार सही माप का चयन करें और अलग-अलग रंग और टेक्सचर मिलाकर सेट तैयार करें।

### पारंपरिक सेट

कई सारी हरी कांच की चूड़ियों के साथ लाल और सोने की चूड़ियों का संयोजन करें। यह संयोजन रेशमी साड़ियों के साथ पारंपरिक भारतीय दुल्हन लुक के लिए अच्छा है।

## टिप्स का ध्यान करके खरीदें शादी की शेरवानी, बनें 'बेस्ट लुकिंग' दूल्हा



अब अगले कुछ महीने शादियों का दौर रहने वाला है। वो दौर जब हो सकता है आप भी दूल्हा बनने वाले हों। वो दूल्हा जो 'डी डे' पर बेस्ट लुक में दिखेगा। मगर कैसे? बेस्ट शेरवानी के साथ।



पर शेरवानी के साथ बेस्ट लुक पाने के लिए सिर्फ पैसे खर्चा करने से काम नहीं बनेगा। बल्कि आपको 5 खास टिप्स का ध्यान भी रखना होगा। इन टिप्स को अपनाकर आप बेस्ट दूल्हा बनेंगे, बात पक्की है-

### फेब्रिक है कैसा

शेरवानी का कलर बहुत अहम रोल अदा करता है। आमतौर पर पुरुष भारी कपड़े वाली महंगी शेरवानी खरीद लेते हैं। जबकि मौसम के हिसाब से हल्के लेकिन भारी लुक देने वाले मटेरियल भी बाजार में मिल जाते हैं। किसी एक जगह से



खरीदने की बजाए आप कई शॉप देखिए और तब ही शेरवानी शॉपिंग कीजिए। पहनकर देखिए और आराम को भी जांचिए।

### फिटिंग नहीं, पैसा बर्बाद

शेरवानी की फिटिंग सही नहीं है तो मानिए कि आपकी शॉपिंग से जुड़ी सारी मेहनत बेकार ही है। याद रखिए बढ़िया फिटिंग में सस्ती शेरवानी भी आपको स्टाइलो बना देगी। फिटिंग भी सिर्फ बॉडी की नहीं बल्कि हाथों और कंधों से हिसाब से भी देखनी होगी। अगर ऑनलाइन शॉपिंग कर रहे हैं तो फिटिंग चार को अच्छे से समझने के बाद ही शेरवानी खरीदें।

## सर्दियों में ड्राई स्किन वाले ऐसे रखें अपनी त्वचा का ध्यान

सर्दियों में त्वचा रूखी-सूखी होने लगती है, जिसकी वजह से कई बार शर्मिंदगी उठानी पड़ती है। ज्यादातर लोग अपनी त्वचा का ध्यान रखने के लिए स्किन केयर ट्रीटमेंट लेते हैं, जोकि हर किसी के बस की बात नहीं है। खासतौर पर जब बार आती है ड्राई स्किन वाले लोगों को उनको तो सर्दियों के मौसम में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

ऐसे में हम आपको सर्दियों में त्वचा में नमी बनाए रखने के कुछ घरेलू तरीके बताएंगे, जिनको अपनाकर आप अपनी ड्राई त्वचा का खास ध्यान रख सकते हैं। इसके लिए आपको ज्यादा पैसे खर्चने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इन सभी तरीकों को फॉलो करना काफी आसान है, तो आइए देर ना करते हुए आपको इस बारे में बताते हैं। लोगों को लगता है कि सर्दियों के मौसम में सनस्क्रीन का इस्तेमाल करना इतना जरूरी नहीं है। बल्कि ऐसा नहीं है, सर्दियों में भी लोगों को सनस्क्रीन का इस्तेमाल नियमित रूप से ही करना चाहिए। इससे त्वचा हानिकारक किरणों से बची रहती है। इसके इस्तेमाल से त्वचा सर्दियों में भी हाइड्रेट रहती



है। जिन लोगों की त्वचा ड्राई होती है, उन्हें हमेशा रात को स्कन केयर रुटीन फॉलो करने की सलाह दी जाती है क्योंकि इस समय ही आपका शरीर काफी रिलैक्स होता है। ऐसे में त्वचा स्किन केयर प्रोडक्ट को सही तरह से एब्जॉर्ब कर पाती है। इसी के चलते हर रोज रात में नारियल का तेल हाथ-पैर में लगा के ही सोएं।

## ओवरनाइट हेयर मास्क बनाते समय कुछ बातों का रखें ध्यान

अगर आप अपने बालों की केयर करने के लिए ओवरनाइट हेयर मास्क बना रही हैं तो ऐसे में आप कुछ छोटी-छोटी बातों का खास ख्याल रखना चाहिए। जब आप अपने बालों पर ओवरनाइट हेयर मास्क अप्लाई कर रही हैं तो ऐसे में सही हेयर मास्क को चुनना बेहद जरूरी है। आप अपना हेयर मास्क खुद घर पर भी बना सकती हैं या फिर मार्केट से भी इसे खरीदा जा सकता है। बस जरूरी है कि वह आपके हेयर टाइप और मौसम के अनुसार हो और आपके बालों की जरूरतों को पूरा करता हो। कई बार ऐसा होता है कि हमें हेयर वॉश किए हुए दो-तीन दिन हो जाते हैं और हम ओवरनाइट हेयर मास्क यह सोचकर लगा लेते हैं कि सुबह तो सिर धोना ही है। हालांकि, आपको यह गलती नहीं करनी चाहिए। अगर आप गंदे बालों पर ओवरनाइट हेयर मास्क लगाती हैं तो आपके बालों को वह पोषण नहीं मिल पाता है, जो उसे मिलना चाहिए। अगर संभव हो तो आप पहले अपने बालों को वॉश कर लें। उसके बाद ही आप अपने बालों पर ओवरनाइट हेयर मास्क लगाएं।

कई बार ऐसा होता है कि हम ओवरनाइट हेयर मास्क लगाते हैं तो उसे बहुत अधिक लगाते हैं। आपको



हमेशा ही मास्क को पैकेजिंग पर दी गई मात्रा के अनुसार इस्तेमाल करना चाहिए। अगर आप इसे बहुत अधिक या कम लगाती हैं तो आपको वह लाभ नहीं मिल पाता है, जो वास्तव में मिलना चाहिए।

कार्नर न्यूज

### बैली फैट वाले पुरुष अपने कपड़े पहनने की स्टाइल बदलकर देखें

## बाहर को निकल आया है पेट तो फैशन में कर लें बदलाव, आपकी ड्रेस नहीं होने देगी शर्मिंदा

पेट बाहर निकलने के कई कारण हो सकते हैं। बैली फेट भले ही दिक्कत न दे रहा हो लेकिन कपड़े पहनने के बाद लुक पर असर दिखता है। इसलिए क्यों न बैली फैट वाले पुरुष अपने कपड़े पहनने की स्टाइल को बदलकर देखें। शायद उनका बाहर निकला पेट कम दिखे या देखने में अच्छा लगे।कुछ टिप्स की मदद से आप अपने ड्रेस को सही तरीके से कैरी कर सकेंगे।

### नो बॉडी शेमिंग मैन!

बॉडी के शेप और साइज को लेकर कई तरह के कॉमेंट सुनने को मिलते हैं। कई लोग तो पहले से ही अवधारणा बना लेते हैं कि मेरा पेट निकला है, मैं अच्छा नहीं दिखूंगा, लड़कियां मुझे पता नहीं क्या समझती होंगी आदि इत्यादि।

अगर आप भी ऐसा सोचते हैं, तो सबसे पहले लोगों की बातों का परवाह करना छोड़ दें। लोगों की बातों से ज्यादा महत्वपूर्ण है कि आप क्या चाहते हैं। इसलिए अगर आपको बिग बैली पसंद है तो खुद का मनोबल न गिराएं। क्योंकि अच्छे लुक के लिए अच्छी ड्रेसिंग सेंस के



साथ-साथ आत्मविश्वास भी उतना ही जरूरी है।

### अपनी पसंद को दें प्राथमिकता

चाहे कोई रंग हो या बॉडी शेप, हर व्यक्ति हर तरह के कपड़े पहन सकता है। इसके लिए कोई रोक नहीं सकता है। इसलिए हम चाहेंगे कि आपको जो पसंद हो उसे पहनें। लेकिन उसको पहनने का तरीका इंप्रूव करें। जहां पर मिस्टेक हो रही है वहां पर सुधार करें।

अगर आपको कोई कहता है कि शर्ट न पहनें, टी-शर्ट न पहनें, ये न पहनें वो न पहनें तो ऐसी बातों से दूर रहें। आपको जो पसंद है उसे पहनें। चलिए अब हम उनको सही तरीके से कैरी करने की बात जान लेते हैं।

### टाइट फिट ड्रेस पहनने से बचें

कई लोगों को बहुत अधिक टाइट ड्रेस पहनने की आदत होती है। खासकर वे लोग टॉप वियर्स जैसे- टी-शर्ट, शर्ट या कुर्ता टाइट फिट पहनते हैं। इस वजह से उनकी ड्रेस पेट के पास आकर खिंचती है। कई बार ऊपर की ओर उठ जाती है। देखने पर टंगी हुई मालूम होती है। इस तरह की गलती से बचने के लिए टाइट फिटिंग ड्रेस को पहनने से बचें। आप कभी भी लूज फिटिंग टी-शर्ट, शर्ट या कुर्ता पहनें। ये आपके लिए कंफर्टेबल होने के साथ-साथ परफेक्ट लुक देने का काम करेंगे। हमारी सलाह मानकर एक बार इस तरह से कपड़े पहनें।

### हल्के फैब्रिक वाली ड्रेस पहनें

कई ड्रेस के फैब्रिक बहुत मोटे होते हैं। वैसी ड्रेस देखने में ही काफी मोटे आकार की मालूम होती हैं। उस तरह की ड्रेस को भी पहनने से खुद को दूर रखें।



हल्के फैब्रिक को पहनना कई मायनों में सही रहेगा। अगली बार जब अपने लिए ड्रेस खरीदने पर फैब्रिक का ध्यान रखें।